mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-294 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
25 अक्टूबर 2024 शुक्रवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



पुणे टेस्ट खेलेंगे...

@ पेज 7

**संक्षिप्त समाचार**

## प्रियंका गांधी ने अपने पास बताई 12 करोड़ की संपत्ति

**पति 66 करोड़ के मालिक**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया। हलफनामा में उन्होंने 12 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति घोषित की है। उनके पास 4.24 करोड़ रुपए की चल और 7.74 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां है। इसके अलावा उन्होंने अपने पति रॉबर्ट वाड्रा की संपत्ति का भी ब्योरा दिया है। वाड्रा के पास कुल 65.54 करोड़ रुपए की संपत्ति है, जिसमें से चल संपत्तियां 37.9 करोड़ रुपए और अचल संपत्तियां 27.64 करोड़ रुपए की हैं।

## गांदरबल हमले के आतंकी की तस्वीर आई सामने

**7 लोगों की जान गई थी**

गांदरबल (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में 20 अक्टूबर की देर रात आतंकी हमला हुआ था। इसमें 7 लोगों की जान गई थी। बुधवार को इस हमले में शामिल आतंकी की तस्वीर सामने आई। हाथ में एके-47 जैसी राइफल लिया हुआ आतंकी किसी इमारत में घुसता



हुआ नजर आ रहा है। आतंकी की पहचान फिलहाल सामने नहीं आई है, लेकिन इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली थी। टीआरएफ चीफ शेख सज्जाद गुल इस हमले का मास्टरमाइंड था।

## भारत से जान का खतरा, अमेरिका में हुई हत्या की कोशिश

**आतंकी पन्नू बोला-**

**3 दिन पहले फ्लाइट्स में ब्लास्ट की धमकी दी थी**

**जालंधर (एजेंसी)।** सिख फॉर जस्टिस के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने भारत से जान का खतरा बताया है। कनाडाई न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में उसने कहा कि अमेरिका में भारत सरकार के इशारे पर उसकी हत्या की कोशिश की गई। पंजाबियों के लिए अलग देश मांगने पर हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई, इसके बावजूद वह खालिस्तान के लिए रेफरेंडम बंद नहीं करेगा। हाल ही में अमेरिकी सरकार ने दावा किया था कि पन्नू की हत्या की साजिश में हरियाणा के रेवाड़ी का युवक विकास यादव भी शामिल है।



# यमुना एक्सप्रेस-वे के किनारे बसेगा नया शहर, तैयारी पूरी

**एनसीआर के जिलों को होगा बड़ा फायदा, योगी सरकार का बड़ा प्लान**

**नोएडा (एजेंसी)।** अगर आप एनसीआर में रहते हैं तो आपके लिए बड़ी खबर है। यमुना एक्सप्रेस-वे के किनारे योगी सरकार एक नया शहर बसाने जा रही है। इस शहर को हाईटेक सिटी की तर्ज पर बताया जाएगा। इसमें लोगों के लिए ना सिर्फ सभी सुविधाओं से युक्त रिहायशी मकान बसाए जाएंगे बल्कि उद्योगों के लिए भी यहां कई सुविधाएं होंगी। इससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। मथुरा में राया के पास बसाए जा रहे इस शहर के लिए यमुना प्राधिकरण ने फेज-2 विस्तार के लिए राया अर्बन सेंटर के लिए मास्टर-2031 को यूपी सरकार से मंजूरी मिल चुकी है। यह शहर करीब 11,653.76 हेक्टेयर में फैला होगा। यूपी सरकार राया अर्बन सेंटर यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे दोनों ओर तीन-तीन किलोमीटर में बसाने की योजना बना रही है।



मास्टर प्लान-2031 के तहत राया अर्बन सेंटर के नाम से नया शहर बसाने का प्रस्ताव शासन के पास भेजा गया था। इसे सरकार ने मंजूरी दे दी है। पहले इसे 9366.2 हेक्टेयर में बसाया जाना था लेकिन अब इसका क्षेत्र बढ़ाकर 11,653.76 हेक्टेयर कर दिया गया है।

# बिहार समेत तीन राज्यों में होगा रेलवे का विस्तार

**स्पेस सेक्टर के लिए 1000 करोड़ का फंड, मोदी कैबिनेट के बड़े फैसले**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कैबिनेट ने गुरुवार को तीन बड़े फैसले लिए। इसमें एक फैसला अंतरिक्ष के क्षेत्र में काम करने वाले स्टार्टअप्स से जुड़ा है। वहीं दो फैसले रेलवे प्रोजेक्ट से जुड़े हैं। कैबिनेट में फैसला लिया गया कि आईएन-एसपीएसीईएस के तहत स्पेस सेक्टर के लिए 1000 करोड़ रुपये का वेंचर कैपिटल फंड बनेगा। इस फंड से स्पेस सेक्टर में काम करने वाले स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया जाएगा।

इस फंड को 5 साल में खर्च किया जाएगा। इस फंड से हर साल 150 से 250 करोड़ का इस्तेमाल किया जाएगा। वित्त वर्ष 2025-26 में 150 करोड़ रुपये और इसके बाद 250-250 करोड़ इस फंड से इस्तेमाल किए जाएंगे। इस फंड से करीब 40 ऐसे स्टार्टअप्स की मदद



की जाएगी जो स्पेस में काम करेंगे। कैबिनेट में इसके अलावा और भी फैसले लिए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई इस मीटिंग में रेलवे के लिए दो प्रोजेक्ट पर भी मुहर लगी। इन प्रोजेक्ट की लागत करीब 6798 करोड़ रुपये है।

## श्रीलंका में अमेरिका और इजरायल को डराने वाले आतंकी गिरफ्तार

**भारत के खुफिया इनपुट से नाकाम हुआ खतरा, पुलिस ने बढ़ा दी सुरक्षा**



**कोलंबो (एजेंसी)।** भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका में इजरायली और अमेरिकी यात्रियों के संभावित खतरे की सूचना के बाद लोकप्रिय पर्यटन स्थल 'अरुगम बे' क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बुधवार को अमेरिका और इजरायल ने सर्फिंग के लिए मशहूर इस इलाके से तत्काल दूर चले जाने को कहा था। श्रीलंका में अमेरिकी दूतावास ने कहा कि उसे अरुगम खाड़ी क्षेत्र में लोकप्रिय पर्यटन स्थलों को निशाना बनाकर किए जाने वाले संभावित आतंकवादी हमलों के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिली है। अमेरिका की चेतावनी के बाद इजरायल ने भी अपने नागरिकों को इलाके से दूर जाने को कहा। इजरायल की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने अरुगम बे समेत श्रीलंका के दक्षिणी और पश्चिमी तटीय क्षेत्रों के लिए अपनी यात्रा सलाह को उच्चतम स्तर (लेवल 4) पर कर दिया।

# अबकी दक्षिण भारत से अपना नया अध्यक्ष चुनेगी बीजेपी!

**पार्टी ने शुरू किया मंथन, दिसंबर में हो सकता है ऐलान**

**अब तक दक्षिण भारत से रह चुके हैं तीन राष्ट्रीय अध्यक्ष**





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष दक्षिण भारत से हो सकता है। पार्टी ने 15 दिसंबर तक नया अध्यक्ष चुनने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश संगठनों से कहा गया है कि दिसंबर के पहले हफ्ते तक अपने यहां संगठन चुनाव पूरे कर लें, ताकि राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने के लिए पार्टी की संवैधानिक जरूरतों को पूरा किया जा सके। वाजपेयी सरकार के दौरान दक्षिण भारत से तीन शख्स राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। ये हैं:बंगारू लक्ष्मण, जना कृष्णामूर्ति और वेंकैया नायडू। पीएम मोदी के दो कार्यकाल में राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर और पश्चिम भारत के रहे। फिलहाल भाजपा के दक्षिण के दिग्गज नेताओं में प्रहलाद जोशी, एल मुरुगन, जी. किशन रेड्डी, के. अन्नामलाई, के. ईश्वरप्पा, निर्मला सीतारमण शामिल हैं। हो सकता है कि पार्टी इन्हीं में से किसी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए। मौजूदा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल इसी साल जनवरी में खत्म हो चुका है। लोकसभा चुनाव के लिए जून तक विस्तार दिया गया था। जुलाई में पार्टी को नया अध्यक्ष चुनना था, लेकिन नए अध्यक्ष के चुनाव से पहले संगठनात्मक चुनाव की जरूरत होती है। इसमें 6 महीने का समय लगता है। इसलिए जून में नड्डा का कार्यकाल बढ़ाया गया।

## माहिम से चुनावी 'इम्तिहान' में उतरे अमित ठाकरे

- **मगर महाराष्ट्र में फेल-पास उनके पापा राज ठाकरे होंगे**

**मुंबई (एजेंसी)।** आदित्य ठाकरे के बाद ठाकरे फैमिली की तीसरी पीढ़ी का एक और सदस्य ने चुनावी राजनीति में डेब्यू किया है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने अपने बेटे अमित ठाकरे को शिवसेना के गढ़ माने जाने वाले माहिम सीट से टिकट दिया है। एक्सपर्ट मानते हैं कि चुनावी इम्तिहान में अमित ठाकरे को उतारकर राज ठाकरे अपनी ताकत की आजमाइश करेंगे। शिवसेना के यूथ विंग के प्रमुख के तौर पर राज ठाकरे ने मुंबई को शिवसेना का किला बनाया था। उद्धव ठाकरे के सक्रिय होने से पहले राज ही मुंबई में पार्टी को डील करते थे। आज भी मनसे का जनाधार मुंबई में है। यह भी तय है कि अगर अमित जीत जाते हैं तो वह न सिर्फ मनसे पार्टी और राज के उत्तराधिकारी के तौर पर स्थापित हो जाएंगे। अमित ठाकरे के लिए यह चुनाव आसान नहीं होगा, क्योंकि इस सीट पर शिंदे सेना और उद्धव सेना के उम्मीदवारों से उनका मुकाबला होगा।



**दहेज उत्पीड़न के मामलों में बरतें सावधानी**

# बेगुनाहों की रक्षा करें



- **सुप्रीम कोर्ट का सभी अदालतों को निर्देश**
- **कहा-यह ध्यान रखें कि कोई बेगुनाह परेशान न हो**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर आपसे पूछा जाए कि 2-4 ऐसे कानूनों का नाम बताइए जिसका सबसे ज्यादा दुरुपयोग होता है। जवाब में दहेज उत्पीड़न से जुड़ा कानून शायद ही किसी की लिस्ट में जगह पाने से छूटे। इस कानून को पति के घरवालों और रिश्तेदारों के खिलाफ हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। गुनाह किसी का भी हो लेकिन घर के हर बालिग सदस्य को आरोपी बना दिया जाता है। जमानत भी मुश्किल से होती है। कानून के दुरुपयोग को लेकर समय-समय पर अदालतें भी चिंता जताती रहती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे ही एक मामले में आरोपी को बरी करते हुए अदालतों को सलाह दी है कि वे दहेज उत्पीड़न या दहेज हत्या से जुड़े मामलों सावधानी बरतें। ध्यान रखें कि कोई बेगुनाह परेशान न हो। अदालतें दहेज उत्पीड़न के मामलों में सावधानी बरतें।

## डीएमके के भारत के नक्शे में अक्साई चीन-पीओके गायब

**विवाद बढ़ने पर हटाया**

**बीजेपी का आरोप-स्टालिन की पार्टी देश से विश्वासघात कर रही**

**चेन्नई (एजेंसी)।** भाजपा ने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके पार्टी पर देश की संप्रभुता के साथ विश्वासघात का आरोप लगाया है। दरअसल डीएमके की यूथ विंग ने सोशल मीडिया पर भारत का नक्शा शेयर किया था, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन शामिल नहीं है। हालांकि विवाद बढ़ने के बाद डीएमके ने इसे एक्स से हटा लिया है। इससे पहले भाजपा की तमिलनाडु यूनिट ने एक्स पर लिखा था, अलगाववाद को बढ़ावा देने से लेकर उत्तर-दक्षिण विभाजन से अशांति फैलाने और इसरो रॉकेट पर बेशर्मी से चीनी झंडा लगाने तक, हमने डीएमके की भारत विरोधी गतिविधियों के बारे में सब कुछ देख लिया है। पार्टी प्रवक्ता ने कहा है कि ये नक्शा देश की जीडीपी में योगदान को दिखाता है, लेकिन भाजपा अपने खराब शासन को छिपाना चाहती है।

# पंजाब विधानसभा उपचुनाव इस बार नहीं लड़ेगा एसएडी

**पार्टी की वर्किंग कमेटी में हुआ फैसला, कई सालों बाद बनी स्थिति**



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंथक संकट से घिरी शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) चार सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव नहीं लड़ेगी। यह फैसला आज पार्टी की कार्यसमिति और जिला प्रधानों की बैठक में लिया गया है। करीब दो घंटे चली बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। जिसके बाद पार्टी ने चुनाव न लड़ने का फैसला किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी है। हालांकि पार्टी एसजीपीसी के प्रधान पद के लिए होने वाले चुनाव में हिस्सा लेगी। उन्होंने कहा कि हम हमेशा श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों का पालन करते हैं। 30 अगस्त को प्रधान तनखैया घोषित किए गए। 31 तारीख को वह अकाल तख्त साहिब में पेश हुए। लेकिन काफी समय बीत चुका था। कई बार सिंह साहिब से फैसला देने का आग्रह किया गया। लेकिन अब चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव है। लोग चाहते थे कि प्रधान गिद्दड़बाहा हलके से चुनाव लड़ें। लेकिन कल जैसे ही जत्थेदार साहब का आदेश आया, यह साफ हो गया कि वह प्रचार नहीं कर सकते।

# अपरकास्ट, ओबीसी और एससी का बनाया मिलाजुला संतुलन

- **यूपी उपचुनाव में बीजेपी ने खेला 'आरएसएस' वाला बड़ा दांव**
- **आरएसएस का फीडबैक और ग्राउंड रिपोर्ट का भी लिया सहारा**

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में गुरुवार को वो दिन आ ही गया, जब सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की तरफ से उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर दी गई। कुल 10 खाली सीटों में मिल्कीपुर में उपचुनाव की घोषणा नहीं हुई, मीरापुर सीट पर रालोद प्रत्याशी के लिए छोड़ दिया और सीसामऊ पर अभी भाजपा प्रत्याशी का ऐलान नहीं हुआ है। बाकी 7 सीटों पर टिकट बंटवारे में भाजपा की तरफ से जिन प्रत्याशियों का चयन किया गया है, उससे यह तो स्पष्ट है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ ही पार्टी की तरफ से ग्राउंड फीडबैक का भी अहम योगदान है। यूपी में उपचुनाव की 7 सीटों



पर भाजपा ने काफी मंथन के बाद टिकट बंटवारे का ऐलान कर दिया है। इसमें अपरकास्ट के साथ ही पिछड़े और दलित वर्ग का ख्याल भी रखा गया है। भाजपा ने मुरादाबाद की कुंदरकी सीट से रामवीर सिंह ठाकुर को टिकट दिया है, जो क्षत्रिय बिरादरी से आते हैं। वहीं गाजियाबाद से संजीव शर्मा को टिकट दिया है, जो कि ब्राह्मण हैं। अलीगढ़ की खैर सुरक्षित सीट से दलित उम्मीदवार सुरेंद्र दिलेर को प्रत्याशी बनाया है। वहीं मैनपुरी की करहल सीट से अनुजेश यादव और प्रयागराज की फूलपुर सीट से दीपक पटेल को टिकट मिला है। अकबरपुर की कटेहरी सीट से धर्मराज निषाद को टिकट दिया है।

- **सामाजिक समीकरण साधने का प्रयास, वफादारों को तरजीह-** ओबीसी में भी यादव, पटेल, निषाद और मौर्य के जरिए भाजपा ने राजनीतिक लिहाज से अहम पिछड़े वर्ग के अलग-अलग वर्ग को साधने का प्रयास किया है। अभी सात सीटों पर प्रत्याशी उतारे गए हैं। मीरापुर (मुजफ्फरनगर) और सीसामऊ (कानपुर) विधानसभा सीट पर उम्मीदवार घोषित करने बाकी हैं। गौरतलब है कि बीजेपी ने गठबंधन के तहत मीरापुर विधानसभा सीट राष्ट्रीय लोकदल को दी है। रालोद तय रणनीति के तहत आखिरी समय में अपना पत्ता खोलेगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी बीते दिनों में यूपी में सक्रिय हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़कों का निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में होगा



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा है कि सड़कों का निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में होगा। वर्षाकाल के चलते रूके निर्माण कार्य शुरू कर दिए गए है। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा। निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वालों और निम्न गुणवत्ता का कार्य करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। श्रीमती गौर ने यह बात बुधवार को गोविंदपुरा क्षेत्र की निर्माणाधीन सड़कों के निरीक्षण के दौरान कही। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि अपने क्षेत्र में बन रहीं सड़कों की गुणवत्ता पर पार्षद पैनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिक भी क्षेत्र की सड़कों की गुणवत्ता का ध्यान रखें। सड़कों की गुणवत्ता में कोई कमी नजर आये तो इसकी जानकारी दे। आम लोगों की दी गई जानकारी पर तुरंत जाँच होगी और कमी पाए जाने पर सड़क निर्माण एजेन्सी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। सड़कों की गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जायेगा। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि वर्तमान और भविष्य की यातायात की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सड़कों को चौड़ा करने का कार्य भी किया जा रहा है। सड़कों के निर्माण में आ रही समस्याओं और बाधाओं को दूर करने के लिए वह स्पॉट इंस्पेक्शन कर रहीं है। समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 11 मील बायपास को जोड़ने वाले खजूरीकला मार्ग के निर्माण में शिकायतें प्राप्त हुई हैं। सड़क का निर्माण अभी जारी है और एजेन्सी को पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य करने के लिए कहा गया है। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने डीआरएम कार्यालय से एमजीएम स्कूल मार्ग की फोरलेन सड़क के निर्माण में एमजीएम स्कूल के पास कार्य की धीमी गति होने पर अप्रसन्नता प्रकट की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे अगले 15 दिन में एमजीएम स्कूल के आसपास के सड़क निर्माण को पूरा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्कूल के पास सड़क निर्माण कार्य करते समय बच्चों को स्कूल आने-जाने के लिए अंडर पास बनवाए और सड़क निर्माण कार्य बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर करें। उन्होंने स्कूल प्रबंधन और सड़क निर्माण एजेन्सी के अधिकारियों से मौके पर चर्चा की। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि सड़क के बीचों-बीच लगे बिजली के ट्रांसफार्मर को सड़क के किनारे शिफ्ट किया जाए। उन्होंने कंचन नगर से पूर्वांचल (अवधपुरी) मार्ग के बीचों-बीच आ रहे इलेक्ट्रिक पोल और इलेक्ट्रिक ट्रांसफार्मर को किनारे पर शिफ्ट करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि शिफ्टिंग कार्यों को जल्द पूरा किया जाए, ताकि सड़क निर्माण में विलंब नहीं हो। उन्होंने कहा कि सड़कों का निर्माण स्थानीय नागरिकों की सुविधा के लिए है। नागरिकों को इसमें सहयोग करना चाहिए। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने ट्रांसपोर्ट नगर से आनंद नगर मार्ग और जे.के. रोड के निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जे.के. रोड का निर्माण कार्य दिसम्बर अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। राज्य मंत्री श्रीमती गौर के सड़कों के निरीक्षण के दौरान पार्षद श्रीमती मधु शिवनानी, श्रीमती ममता विश्वकर्मा, श्रीमती छाया ठाकुर, श्रीमती उर्मिला मौर्य, श्री व्ही. शक्तिराव, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री संजय मस्के, एसडीएम एमपी नगर, श्री एल.के. खरे सहित अन्य संबंधित विभागों और निर्माण एजेन्सियों के अधिकारी साथ थे।

### आनंद नगर सिविल अस्पताल परिसर में बनेंगे स्टॉफ क्वार्टर्स

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा है कि आनंद नगर में 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल शीघ्र शुरू होगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टॉफ के निवास के लिए स्टॉफ क्वार्टर्स भी बनाए जायेंगे। राज्य मंत्री श्रीमती गौर बुधवार को आनंद नगर सिविल अस्पताल परिसर का निरीक्षण कर रही थीं। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि सिविल अस्पताल परिसर में पर्याप्त स्थान है। उन्होंने एसडीएम एम.पी. नगर श्री एल.के. खरे को सिविल अस्पताल परिसर के आसपास के अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा।

# सरकारी सेवा की अधिकारिता मानव धर्म के पालन का सुअवसर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल से राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के अन्तर्गत राष्ट्रीय ट्रेनिंग प्रोग्राम के प्रतिनिधियों ने राजभवन में भेंट की। प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय सिकल सेल मिशन के तहत दो दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम के प्रतिभागी शामिल थे। प्रतिभागियों में राज्यों के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, वरिष्ठ प्रबंधक और सिकल सेल रोग विशेषज्ञ शामिल थे। प्रतिनिधि मंडल में महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, झारखंड, केरल, कर्नाटक, ओडिशा, राजस्थान, तेलंगाना, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश और तमिलनाडू राज्यों के प्रतिनिधि शामिल थे। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव मुकेश चन्द गुप्ता भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि सरकारी सेवा की अधिकारिता मानव धर्म के पालन का सुअवसर है। आवश्यकता संवेदनशील सहानभूतिपूर्ण दृष्टिकोण की है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं भी मध्यप्रदेश के राज्यपाल के दायित्व का इसी भाव भावना के साथ पालन कर रहें है। उनके मानवता का संकल्प सिकल सेल रोगियों की सेवा है। उन्होंने कहा कि सिकल सेल रोग



के संबंध में जन जागृति पर फोकस किया जाना चाहिए। स्क्रीनिंग कराने, गर्भावस्था और नवजात शिशु की जांच कराने के बारे में समुदाय की बोली में बताया जाए। विवाह संबंधी हिदायतों के बारे में भी जन-जागरण जरूरी है। उन्होंने कहा कि सिकल सेल रोग उपचार की संभावनाओं में आयुर्वेद और होम्योपैथी की भूमिका का भी प्रमाणीकरण किया जाना जरूरी है। प्रबंध संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सुश्री प्रियंका दास ने प्रतिनिधि मंडल को हीमोग्लोबिनोपैथी मिशन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में वर्ष 2021 से मिशन के तहत कार्य किए जा रहे है। कार्य का प्रारंभ अलीराजपुर और झाबुआ जिलों में पॉयलेट प्रोजेक्ट से किया गया है। प्रोजेक्ट के अनुभवों के आधार पर स्क्रीनिंग के लिए आयु सीमा को बढ़ाया गया। नवजात शिशु और गर्भवती महिलाओं की जांच और स्कूल, आंगनवाड़ी, छात्रावास और महाविद्यालयों के साथ समुदाय के बीच जाकर पी.ओ.सी. किट के द्वारा स्क्रीनिंग करने की व्यवस्थाएं की गई। उन्होंने बताया की समुदाय की जेनेटिक काउंसलिंग के लिए कार्ड तैयार कराकर वितरित किए जा रहे है। काउंसलिंग ग्रुप का गठन किया जा रहा है। सिकल सेल रोगियों के स्वास्थ्य की नियमित देखभाल के लिए उपचार कार्ड भी प्रदाय किए जा रहे है। उन्होंने बताया की केन्द्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के सहयोग से सिकल सेल रोग जटिलताओं के उपचार के लिए भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर में और नवजात शिशु की जांच के सेंटर ऑफ कॉम्पीटेंस मेडिकल कॉलेज इंदौर में विकसित किए जा रहे है।

## 11वीं वेस्ट जोन शूटिंग चैंपियनशिप संपन्न




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** 11वीं वेस्ट जोन शूटिंग चैंपियनशिप (शॉटगन) का बुधवार को मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी, गोरेगांव में डबल ट्रैप इवेंट का समापन हुआ। प्रतियोगिता मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी गौरेगांव, भोपाल में 20 से 25 अक्टूबर तक आयोजित हो रही है। कल से स्कीट इवेन्ट की प्रतियोगिताऐं आयोजित होंगी। डबल ट्रेप इवेन्ट के विजेताओं को संयुक्त संचालक खेल और युवा कल्याण श्री बी.एस. यादव ने पुरस्कृत किया। मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने डबल ट्रैप में 4 पदक हासिल किये। जूनियर डबल ट्रैप पुरुष में मध्यप्रदेश के दिव्यरत्न सिंह, उदित्यराज सिंह और अयान अख्तर तथा सीनियर डबल ट्रैप पुरुष में महाराष्ट्र के पृथ्वीराज धनंजय, अजय विजय ठाकुर और गुजरात के स्तवन नरेंद्रभाई विजय रहे। जूनियर डबल ट्रैप महिला में महाराष्ट्र की शरयू संजय, रिया अभिजीत पाटिल और आर्या अभिजीत पाटिल तथा सीनियर डबल ट्रैप महिला में महाराष्ट्र की शरयू संजय, सुप्रिया पाटिल और रिया अभिजीत पाटिल ने जीत हासिल की। मास्टर्स डबल ट्रैप पुरुष में मध्यप्रदेश के राहुल नरोंहा सहित महाराष्ट्र के तुषार पाठक और अभिनीत देशमुख ने जीत दर्ज की।

## जल्द ही प्रदेश नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में बनेगा अग्रणी-मंत्री शुक्ला

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा श्री राकेश शुक्ला ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सौर ऊर्जा के विजन एवं मार्गदर्शन तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में प्रदेश अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। प्रदेश में वर्ष 2012 में नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से स्थापित संयंत्रों की क्षमता 500 मेगावॉट से भी कम थी। पिछले 12 वर्षों में राज्य की कुल नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से स्थापित क्षमता बढ़कर लगभग 7 हजार मेगावॉट हो गयी है। इस प्रकार राज्य की कुल ऊर्जा क्षमता में नवकरणीय ऊर्जा का अंश बढ़कर लगभग 21 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में नवकरणीय ऊर्जा से संयंत्रों की स्थापित क्षमता को 20 हजार मेगावॉट तक बढ़ायेंगे। मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि 20 हजार मेगावॉट की पूर्ति के लिये हमारी सरकार ने 21 अक्टूबर, 2024 को 300-300 मेगावॉट क्षमता की सोलर पार्क परियोजना की सैद्धांतिक स्वीकृति जिला धार



एवं सागर के लिये प्रदान की गयी है। इन परियोजनाओं से उत्पादित विद्युत का क्रय एमपीपीएमसीएल द्वारा निविदा के माध्यम से न्यूनतम दर निर्धारित कर किया जायेगा, जिससे प्रदेश को सस्ती बिजली प्राप्त हो सकेगी। मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि म.प्र. सौर ऊर्जा से समृद्ध प्रदेश है, जिसमें सौर ऊर्जा के क्षेत्र में चौमुखी विकास किया जा रहा है।

## संभाग के सभी आईटीआई में ट्रेडवार शत प्रतिशत सीटों पर प्रवेश सुनिश्चित कराए

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री गौतम टेटवाल ने कहा कि इंदौर संभाग के प्रत्येक आईटीआई में ट्रेडवार शत प्रतिशत सीट के लिए प्रवेश, विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण तथा शत प्रतिशत प्लेसमेंट सुनिश्चित कराए जाने की कार्रवाई की जाए। प्रत्येक आईटीआई द्वारा युवाओं को विभिन्न प्रशिक्षणों से जोड़ने और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए विशेष प्रयास किये जाए। श्री टेटवाल ने यह निर्देश इंदौर संभाग के सभी आईटीआई एवं जिला रोजगार अधिकारियों की बैठक में दिये दिये। मंत्री श्री टेटवाल ने निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले में हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल में संपर्क करके बच्चों को आईटीआई के महत्व की जानकारी दी जाए। ट्रेडवार शत



प्रतिशत सीट पूर्ति के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया जाए। आईटीआई में प्रवेश के साथ ही संबंधित ट्रेडवार प्रशिक्षित युवाओं के बेहतर प्लेसमेंट के लिए विशेष प्रयास किये जाए। आईटीआई करने वाले बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए भी प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर आईटीआई भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों को समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आईटीआई में संचालित होने वाले ट्रेड और स्टाफ की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि बेहतर परिणाम देने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जाए तथा काम में कोताही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन भी आईटीआई में ट्रेड वार सीटें रिक्त है, वहां निर्धारित समयावधि में उक्त रिक्त सीटों की पूर्ति के लिए विशेष प्रयास किये जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पीथमपुर आईटीआई में बच्चों की भर्ती के लिए विशेष प्रयास किये जाए। बैठक में उन्होंने बीते 3 वर्षों में संभाग की प्रत्येक आईटीआई में युवाओं के प्रवेश, परीक्षा परिणामों और प्लेसमेंट की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि आईटीआई में पंजीकृत प्रत्येक बच्चे की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। आंतरिक और बाह्य मूल्यांकन गुणवत्तापूर्ण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के साथ ही प्लेसमेंट के लिए भी तैयारी कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक आईटीआई स्तर पर शत प्रतिशत सीट पर विद्यार्थियों के पंजीयन, बेहतर प्रशिक्षण और प्लेसमेंट सुनिश्चित कराए जाने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाये।

## पर्यटन क्षेत्र में निवेश के लिए मध्यप्रदेश सर्वश्रेष्ठ राज्य- प्रमुख सचिव शुक्ला

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पर्यटन क्षेत्र में निवेश के अवसरों पर एक महत्वपूर्ण सत्र रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव रीवा में आयोजित किया गया। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि पर्यटन श्रेत्र में निवेश के लिए मध्यप्रदेश सर्वश्रेष्ठ राज्य है। इन्वेस्टर्स फैसिलिटेशन सेल, सिंगल विंडो, पारदर्शी ई-टेंडरिंग प्रक्रिया, 30 प्रतिशत तक की कैपिटल सब्सिडी, 90 साल की लीज और एक प्रतिशत लीज रेंट, इंसेंटिव्स आदि प्रावधानों और सुविधाओं ने निवेशकों को 14 प्रकार की पर्यटन परियोजनाओं में निवेश के लिए अनुकूल इको सिस्टम विकसित किया है। सत्र में पर्यटन परियोजनाओं में निवेश, पर्यटन निवेश नीति, सब्सिडी, इंसेंटिव्स और प्रक्रिया संबंधी प्रेजेंटेशन दिया। श्री पुष्पराज सिंह, अध्यक्ष, एच. एच. आर ग्रुप ऑफ होटल्स रीवा राजविलास ने कहा कि स्वयं की हेरिटेज प्रॉपर्टी या कोठी को पर्यटन विभाग की मदद से हेरिटेज होटल में बदला जा सकता है या फिर पर्यटन विभाग की पारदर्शी ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के माध्यम से हेरिटेज प्रॉपर्टी को ले सकते है। इस तरह पर्यटन विभाग के माध्यम से स्वयं का लाभ कमाकर आसपास स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी संबल दे सकते है। श्री सलील दलवी, ओनर, बियर वैली कैंप ने कहा कि मध्यप्रदेश में वर्ष 2017 में आया और यही का होकर रह गया। मध्यप्रदेश में लैंड, वाटर और एयर की साहसिक गतिविधियों के लिए उपयुक्त है। प्रदेश में बर्ड वाचिंग, वेलनेस रिट्रीट की स्थापना और बढ़ावा देने पर विचार किया जाना चाहिए। श्री नरेन कुमार, फिल्म निर्माता एवं ओनर, क्यारा कुमार क्रिएशन्स ने कहा कि फिल्म निर्माण वर्तमान का निवेश और रोजगार का नया उभरता हुआ श्रेत्र है।

# सिकल सेल रोग के बेहतर प्रबंधन और निदान पर राष्ट्रीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सिकल सेल रोग के उन्मूलन के लिए 2 दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 23-24 अक्टूबर को भोपाल के होटल कोर्टयार्ड मैरियट में किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्देश्य सिकल सेल रोग के प्रबंधन और निदान को बेहतर बनाना है। कार्यशाला लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-मध्य प्रदेश, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र और पाथ संस्था के तकनीकी सहयोग से आयोजित की जा रही है। कार्यशाला के पहले दिन, सिकल सेल रोग के निदान और प्रबंधन में आने वाली चुनौतियों और 'भारत में सिकल सेल रोग के निदान की



विधियाँ- नई तकनीकें और वर्तमान उपलब्धियाँ' विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। भोपाल के प्रमुख चिकित्सा केंद्रों, जैसे भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, इंदिरा गाँधी गैस राहत अस्पताल, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय और गांधी मेडिकल कॉलेज का दौरा कराया गया, जहां उन्होंने सिकल सेल रोग के परीक्षण और परामर्श प्रक्रियाओं का विभिन्न राज्यों के नोडल अधिकारियों और विशेषज्ञों ने अवलोकन किया। कार्यशाला में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अपर सचिव एवं मिशन निदेशक श्रीमती अनुराधा पटनायक, संयुक्त सचिव श्री सौरभ जैन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक श्री हर्ष मंगल, मध्य प्रदेश के प्रमुख सचिव श्री संदीप यादव और मिशन संचालक एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला के दूसरे दिन, 24 अक्टूबर को विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि अपने अनुभवों को साझा करेंगे और 'सिकल सेल प्रबंधन में ब्लड ट्रांस्फ्यूज़न की भूमिका', 'बोन मेरो ट्रांसप्लांट', और 'सिकल सेल प्रबंधन में अनुसंधान की भूमिका' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे। कार्यशाला में कुल 17 राज्यों के नोडल अधिकारी और प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

# पुरातन से भारतीय न्याय प्रणाली, श्रेष्ठ न्याय प्रणाली रही है-उच्च शिक्षा मंत्री परमार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पुरातन से भारतीय न्याय प्रणाली, श्रेष्ठ न्याय प्रणाली रही है। महर्षि गौतम का न्याय दर्शन, उत्कृष्ट न्याय प्रणाली को परिलक्षित करता है। भारतीय दृष्टिकोण एवं भारतीयता के भाव को पुन: समृद्ध करने की आवश्यकता है। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने बुधवार को भोपाल स्थित पं. सुंदर लाल शर्मा केंद्रीय व्यवसायिक शिक्षा संस्थान के सभागार में, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के विधि शिक्षण एवं शोध विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 = विधिक पाठ्यक्रम विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के शुभारंभ अवसर




पर कही। मंत्री श्री परमार ने भारतीयता के भाव को पुन: समृद्ध करने के लिए, विधिक पाठ्यक्रमों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में भारतीय ज्ञान परम्परा के समावेश की आवश्यकता एवं महत्व पर विचार व्यक्त किए। श्री परमार ने कहा कि भारत शिक्षा एवं न्याय सहित हर क्षेत्र में स्वयमेव समृद्ध देश रहा है, इसलिए विश्वगुरु की संज्ञा से सुशोभित रहा है। श्री परमार ने अंग्रेजों से स्वतंत्रता के पूर्व एवं बाद में शिक्षा व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दुर्भाग्यवश स्वंतत्रता के बाद भारतीय जनमानस में स्वत्व का भाव जागरण नहीं किया गया।

श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने हर क्षेत्र में भारतीयता के दर्शन एवं बोध के लिए व्यापक परिवर्तन का अवसर दिया है। श्री परमार ने कहा कि देश के लगभग 2 करोड़ प्रबुद्धजनों के मंथन से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तैयार हुई है। श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का मूल ध्येय, श्रेष्ठ एवं देशभक्त नागरिक निर्माण करना है।

मंत्री श्री परमार ने कहा कि भारतीय ग्रामीण परिवेश में अशिक्षित व्यक्ति भी नैतिक मूल्यों का संवाहक एवं मूल तत्व ज्ञान का ज्ञाता है। किसी को कांटा न चुभे , इसके लिए वह स्वयं रास्ते से कांटे हटाने का नैतिक एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण रखता है। श्री परमार ने कहा कि अंग्रेजों के रिकॉर्ड में, पराधीनता के पूर्व भारत में 7 लाख से अधिक गुरुकुल थे और यहां की साक्षरता दर 80 से 90 प्रतिशत थी, तो यहां की संतति निरक्षर कैसे हुई, यह विचारणीय है।

# रीवा में मिला लापता 6वीं का छात्र

## स्कूल से गायब होना बताया था, पड़ोसी बोले- हमने मोहल्ले में देखा, मां और मामा की भूमिका संदिग्ध

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** फीस बकाया मामले में लापता छात्र रीवा से दस्तयाब हुआ है। पुलिस गुरुवार शाम बच्चे को रीवा से ब्यौहारी के लिए लेकर निकली है। इस मामले में एक तरफ जहां स्कूल प्रबंधन कटघरे में हैं। वहीं दूसरी ओर बच्चे के लापता होने के मामले में खुद मासूम की मां और उसका मामा पुलिस के संदेह के घेरे में है।

बच्चे के लापता होने के मामले में परिजन और पड़ोसियों समेत स्कूल प्रबंधन के बयानों में अंतर आया है। जल्द पुलिस पूरे मामले का खुलासा करेगी।

**परिजन बोले- फीस बाकी होने से स्कूल प्रबंधन करता था परेशानः** दरअसल, मंगलवार सुबह ब्यौहारी के सूखा तिराहे के पास स्थित ड्रीम वैली पब्लिक स्कूल में कक्षा छठवीं में पढ़ने वाला छात्र स्कूल से लापता हो गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि बच्चे की फीस बकाया है। इस कारण स्कूल प्रबंधन छात्र को प्रताड़ित करते थे।

इसी कारण से उनका बच्चा लापता हो गया है। मंगलवार शाम तक परिजनों ने बच्चे की तलाश की। इसके बाद शाम तो वो ब्यौहारी पुलिस के पास पहुंचे। बुधवार को पुलिस ने मामले को लगभग सुलझा लिया। गुरुवार को छात्र का लोकेशन मिल गया। अब शुक्र वार को पुलिस सभी को एक बार फिर बयान के लिए थाना बुलाएगी।

**मां ने स्कूल पर लगाया प्रताड़ना का आरोपः** छात्र की मां आशा चतुर्वेदी ने पुलिस से बताया कि छात्र के पिता मुंबई में रहकर मजदूरी का कार्य करते हैं। पिछले कई महीनों से छात्र के पिता घर नहीं आए, जिसकी वजह से उन्होंने स्कूल की फीस जमा नहीं की थी। मां का कहना है कि वह छठवीं कक्षा में पढ़ता है और स्कूल की तीन माह की फीस लगभग दो हजार बकाया थी।

कई दिनों से स्कूल प्रबंधन मां को फोन कर इसकी जानकारी दे रहा था। लेकिन मां ने कुछ दिनों की मोहलत मांगी थी। मां का आरोप है कि अंश को सभी बच्चों के सामने खड़ा कर कई दिनों से टीचर उसे फीस लाने की बात कह रहे थे। जिसकी वजह से बच्चा दबाव में था और घर में पैसा ना होने की वजह से स्कूल की फीस छात्र की मां ने जमा नहीं की थी।

**प्रबंधन पर स्कूल से भगाने का आरोपः** मां ने स्कूल के प्राचार्य प्रशांत निगम पर आरोप लगाते हुए बताया कि मंगलवार सुबह जब छात्र स्कूल पहुंचा तो प्राचार्य प्रशांत निगम ने उसे स्कूल से भगा दिया और यह कहा कि जब तक फीस लेकर नहीं आओगे तब तक स्कूल के अंदर कदम नहीं रखना।

छात्र की मां का यह गंभीर आरोप स्कूल प्रबंधन पर सवाल खड़े कर रहा है। मां का कहना है कि जब वह घर नहीं पहुंचा तब मां ने स्कूल में जाकर छात्र का पता किया तो पता लगा कि प्राचार्य ने उसे सुबह ही स्कूल से भगा दिया था।

**विरोधाभास बयान से खुल गया राजः** पुलिस ने छात्र के लापता होने का मामला दर्ज कर लिया। इसके बाद कड़ाई से पड़ताल में जुट गई। परिजनों ने पहले बयान दिया कि छात्र सुबह स्कूल गया था। लेकिन पड़ोसियों के बयान में उसे सुबह 11 बजे के आसपास मोहल्ले में देखा गया था। पुलिस इसी बात को मुख्य सुराग मानकर जांच में जुट गई थी।

**मामा के साथ बाइक में दिखा था छात्रः** पूछताछ के दौरान पुलिस को इस बात के सबूत मिल गए थे कि दोपहर 12 बजे के लगभग छात्र अपने मामा के साथ बाइक में जाता हुआ लोगों को दिखाई दिया है। इधर, मां ने बताया छात्र साइकिल से स्कूल गया था। जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो छात्र गुरुवार को अपने मामा के साथ रीवा में पुलिस को मिल गया। अब पुलिस इस मामले में मां और मामा को ही संदिग्ध मानकर चल रही है।

**छात्र को ब्यौहारी लाया जा रहाः** लापता छात्र रीवा में मिल गया है। पुलिस उसे ब्यौहारी लेकर आ रही है। छात्र की साइकिल पुलिस को पहले मिली थी। स्कूल प्रबंधन के भी बयान लिए गए हैं। शुरुआती जांच में परिजन और अन्य लोगों के बयान में अंतर आया है। अब मां और मामा से भी कड़ाई से पूछताछ की जाएगी।

# रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण कार्यों की समीक्षा

## कलेक्टर ने कहा- समय सीमा पर काम पूरा किया जाए



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** अनूपपुर जिले में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने गुरुवार को निर्माणाधीन रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान रेलवे और सेतु निगम के अधिकारियों से भी जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने निर्माण एजेंसियों को लोगों के सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए काम करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही कहा- निर्माणाधीन रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज के कार्यों को पूरा करने के लिए रेलवे ठेकेदार निर्धारित अवधि में कार्यों को पूरा करें। बैठक में ब्रिज कार्पोरेशन से कार्य में हो रही समस्याओं के संबंध में कलेक्टर ने जानकारी भी लिए। जिस पर अधिकारियों द्वारा बताया गया कि ब्रिज के पास स्थित एक पेड़ काटने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर को सेतु निगम के अधिकारियों ने बताए गए विद्युत पोल शिफ्टिंग नहीं होने से निर्माण काम में बाधा उत्पन्न हो रहा है। जिस पर कलेक्टर ने दूरभाष पर बिजली विभाग के अधिकारी को बिजली पोल को शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में कलेक्टर ने रेलवे से संबंधित चल रहे अन्य निर्माण कामों की भी जानकारी रेलवे विभाग के अधिकारियों से प्राप्त की।

इसी तरह से कलेक्टर ने बैठक में अनूपपुर बायपास रोड के निर्माणाधीन काम के प्रगति के बारे में भी पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से जानकारी लेकर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने रेलवे मजिस्ट्रेट कोर्ट भवन निर्माण के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी लेकर प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिए।

# जिला स्तरीय समन्वय एवं अनुसरण समिति की बैठक

## कलेक्टर बोले- दीनदयाल रसोई योजना से जनसमुदाय को भी जोड़ें



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली ने गुरुवार को जिला स्तरीय समन्वय एवं अनुसरण समिति की बैठक ली। उन्होंने कहा कि दीनदयाल रसोई योजना से जिले के जनसमुदाय, समाजसेवी तथा व्यापारिक प्रतिष्ठान के लोगों को भी जोड़ने का प्रयास किया जाए, जिससे जरूरतमंदों को और बेहतर रुचिकर भोजन प्राप्त हो सके।

बैठक में कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को नगरीय क्षेत्र में बेहतर कार्य योजना बनाकर दीनदयाल रसोई योजना को संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी नगर पालिका अधिकारी नागरिकों से अपील करें कि वह विशेष दिन जैसे जन्म दिवस, पुण्यतिथि, सालगिरह इत्यादि दिन विशेष कार्यक्रम कर जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराएं। बैठक में कलेक्टर ने दीनदयाल रसोई भवन को दीपोत्सव से पहले रंगरोगन, भवन मरम्मतीकरण तथा आकर्षक लाइटिंग कराने के संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने उचित मूल्य दुकान से प्राप्त होने वाले राशन के संदर्भ में भी चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने दीनदयाल रसोई भवन के रसोई कक्ष को बेहतर तथा व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने नेकी की दीवार कार्यक्र म के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नेकी की दीवार के लिए कचरा गाड़ी, स्लोगन सहित अन्य विभिन्न माध्यमों से लोगों को जानकारी दी जाए, जिससे लोग नेकी की दीवार में जरूरतमंदों के लिए वस्तुएं दान कर सकें। दीनदयाल रसोई योजना के अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।

# ऑनलाइन लूडो खेलते हुआ प्यार, छतरपुर में की कोर्ट मैरिज

## साल भर पहले लड़की से मिलने राजस्थान गया, तब परिजनों ने कर दी थी पिटाई



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर जिला न्यायालय में गुरुवार को कोटा से आई एक युवती ने छतरपुर के युवक से विवाह किया। न्यायालय में अधिवक्ताओं ने जोड़े का विवाह कराकर वरमाला डलवाई। बता दें कि प्रेमी जोड़े की पहली बातचीत ऑनलाइन लूडो गेम में हुई थी। जिसके बाद वो लगातार एक-दूसरे के साथ ऑनलाइन लूडो खेलने लगे और उनको प्यार हो गया।

जिला न्यायालय के अधिवक्ता रवि पाण्डेय ने बताया कि लड़का छतरपुर निवासी अमन अग्रवाल और लड़की कोटा राजस्थान निवासी प्रियंका साईनी है। करीब 2 साल पहले दोनों ऑनलाइन लूडो गेम में एक-दूसरे से जुड़े, जिसके बाद दोनों ने कई गेम एक साथ खेले और नंबर एक्सचेंज किया। दोनों की फोन पर लगातार बात होने लगी और दोनों को प्यार हो गया।

**लड़की के परिजनों ने अमन को पीटाः** एक साल पहले अमन प्रियंका से मिलने कोटा गया। जहां प्रियंका के परिजनों ने अमन से मारपीट की। इसको लेकर अमन ने कोटा और छतरपुर दोनों जगह पुलिस को शिकायत की, लेकिन तब प्रियंका नाबालिग थी। जिसके चलते कोई भी पुलिस कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, इसके बाद भी दोनों की बातचीत जारी रही।

**अब दोनों ने की कोर्ट मैरिजः** प्रियंका, अमन से मिलने गुरुवार को ही छतरपुर आई है। दोनों ने अब शादी करने का फैसला किया और जिला न्यायालय पहुंच गए। जहां उन्होंने कोर्ट मैरिज की। प्रेमी जोड़े का कहना है कि अब हम हिंदू रीति रिवाज से शादी करेंगे।

## सांसद ने शहर के पुराने ट्रांसफार्मर का किया निरीक्षण

# अधिकारियों को दिए निर्देश, बार-बार खराब होने की मिल रही थी शिकायत



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी शहर में कई ट्रांसफार्मर ऐसे हैं जो की अब खराब होने की स्थिति में आ गए हैं। कभी उनकी तेल की कपलिंग टूटी हुई होती है तो कभी ट्रांसफार्मर के जलने की समस्या आती है। इसी संबंध में कल बुधवार को शहर के कई लोगों ने सांसद डॉ. राजेश मिश्रा को बिजली कंपनी से संबंधित ट्रांसफार्मर की समस्या बताई थी।

इसके बाद आज गुरुवार सुबह 9 बजे सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सीधी शहर के वार्ड नंबर 17 और पुराने बस स्टैंड में लगे हुए ट्रांसफार्मर का निरीक्षण किया। साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं। जो ट्रांसफार्मर पुराने और खराब थे उन्हें बदलने के लिए बिजली कंपनी के अधिकारियों सहित लाइनमैन को निर्देश दिए हैं।

वहीं पूरे मामले को लेकर सीधी सांसद ने बताया है कि लोगों की शिकायत मेरे पास आई थी कि ट्रांसफार्मर खराब है और उन्हें बदलने की जरुरत है। इसके लिए हमने आज क्षेत्र में लगे हुए ट्रांसफार्मर का निरीक्षण किया है और उन्हें सुधारने और बदलवाने के लिए जेई को निर्देशित किया है।

# जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में सैनिक सम्मेलन का सफल आयोजन








**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में 23 अक्टूबर को सीधी जिला के भूतपूर्व सैनिकोंध्सैनिक विधवाओं, वीर नारियों तथा भूतपूर्व सैनिकों के परिजनों के कल्याण हेतु सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में 53 भूतपूर्व सैनिक, 01 वीर नारी एवं 06 पूर्व सैनिक विधवाएं सम्मिलित हुई। सम्मेलन में सैनिक कल्याण से जुड़े हुये विभिन्न मुद्दों, समस्याओं तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा एवं संवाद हुआ। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों ध्सैनिक विधवाओंध्वीर नारियों एवं पूर्व सैनिकों के आश्रितों द्वारा उठाई गई समस्याओं का उचित निराकरण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु आश्वासन दिया एवं समुचित आदेश दिये। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने केंद्रीय सैनिक बोर्ड, भारत सरकार एवं राज्य सैनिक बोर्ड, म.प्र. सरकार द्वारा दी जानी वाली अनुदान सहायता, विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने सूचित किया कि निकट भविष्य में म.प्र. सरकार द्वारा अनुदान राशियां और बढ़ाई जाएगी। उन्होंने युद्ध सम्मान योजना के बारे में जानकारी दी जिसमें प्रस्तावित योजना के तहत भारत सरकार द्वारा 1965ध1971 के युद्ध में समर सेवा स्टार मेडल, पूर्वी स्टार मेडल एवं पश्चिमी स्टार मेडल पाने वाले भूतपूर्व सैनिकों को 15 लाख रुपये की अनुदान राशि देने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। उन्होने सूचित किया कि म.प्र. सरकार ने आदेश दिया है कि समग्र पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य है अन्यथा अनुदान बाधित हो सकता है। विभिन्न अनुदान राशियों में किए गए बढ़ोत्तरी एवं नवीनतम रेट भी सभी उपस्थित व्यक्तियों को सूचित किया गया। संचालनालय सैनिक कल्याण मध्य प्रदेश द्वारा प्रेषित भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के लिए उपयोगी जानकारी की "सूचना पुस्तिका" भी बांटी गई एवं सभी के प्रश्नों का समुचित उत्तर दिया गया।

आमंत्रित आईसीआईसीआई बैंक, सीधी डिफेंस बैंकिंग टीम के साथ मिलकर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सीधी की टीम, पूर्व सैनिकों के स्पर्श, पीपीओ, जीवित प्रमाण पत्र, ई केवाईसी तथा डाटा इंट्रीध् डाटा करेक्सन एवं अनुदानध्सहायता इत्यादि समस्याओं का कंप्यूटर के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही करके त्वारित समाधान किया गया।

ग्रुप कैप्टन सिद्धार्थ श्रीवास्तव (से.नि.), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीधी ने सभी उपस्थित जनों का हार्दिक धन्यवाद दिया तथा उन्हें आश्वस्त किया कि जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सीधी सभी भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों, सैनिक विधवाओं एवं सैनिकों के परिजनों की सेवा के लिए सर्वदा कार्यरत है एवं उनके कल्याण हेतु निरंतर कार्य करने को कटिबद्ध है।

# हर मंत्री दस गौ शालाओं को गोद ले और गौ माता की सेवा करे



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने कहा है कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार की गोवर्धन पूजा के संबंध में निर्देशों से जाहिर होता है कि भाजपा पहली बार गोवर्धन पूजा कर रही है। भारतीय परंपरा में गोवर्धन पूजा होते आई है और सभी धर्म प्रेमी बंधु गोवर्धन पूजा करते हैं। भाजपा ने जिस तरीके जिस तरह से अपने नेताओं को गोवर्धन पूजा में भाग लेने के निर्देश दिया है उसे लगता है कि भाजपा के नेता गोवर्धन पूजा नहीं कर रहे थे इसलिए निर्देश देना पड़ा ।

श्री पटेल ने कहा कि सरकार कोई भी हो भारतीय संस्कृति की परंपराएं नियमित रूप से चलती आ रही हैं और जीवंत हैं। जब कांग्रेस की सरकार थी तब गौशालाओं के प्रबंधन के लिए विशेष परियोजना लागू कर तीन हजार गौशालाएं बनकर तैयार होने को थी साथ ही एक हजार हाइटेक गौशालाएं बन रही थी।। भाजपा ने इसे आगे नहीं बढ़ाया और योजना को बंद कर दिया। भाजपा सरकार ने स्वयं भी कोई प्रयास नहीं किए।

# हर घर दिवाली अभियान में सहभागिता की कलेक्टर ने की अपील

## दूसरों के साथ खुशियां बांटकर मनाए दीपावली का त्यौहार

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने कहा कि दीपावली का पर्व निकट है। भारतीय समाज में यह आनंद व समृद्धि का त्यौहार माना जाता, जहां हर कोई अपने सामर्थ्य अनुसार इस पर्व को मनाता है। इसी के साथ यह भी सच्चाई है कि अभी भी हमारे समाज में अनेक परिवार ऐसे हैं जिनके पास इस समृद्धि के पर्व पर कुछ भी नया करने या उत्साह से मनाने के लिये आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं हो पाता है।

उन्होंने कहा कि राज्य आनंद संस्थान अपने कार्यक्रमों में मदद को प्रोत्साहित करता है, जिसमें हम अपनी आवश्यकता से अधिक वस्तुओं को दूसरों के उपयोग करने के लिए दे देते हैं। दीपावली का पर्व मदद की अवधारणा को अपनाने का एक बेहतर अवसर प्रदान करता है। इस संदर्भ में हर घर दिवाली अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत आनंदकों के सहयोग से नगर में लोगों से संपर्क कर उनसे आग्रह किया जाएगा कि वे शहरों के संसाधन विहीन बस्तियों में रहने वाले घरों में भी दीपावली का पर्व अच्छे से मने, इसके लिए उन्हें अपने घरों या अन्य स्त्रोत से अतिरिक्त सामग्री प्रदान करें।

कलेक्टर ने कहा कि दीपावली के पूर्व हम सब अपने घरों की सफाई करते हैं, जिस दौरान ऐसी अनेक वस्तुएं मिलती है, जो हमारे उपयोग में नहीं आ रही है, किन्तु अन्य के लिए उपयोगी हो सकती है। ऐसे वस्तुओं को अपने निकट के आनंदम केन्द्र (नेकी की दीवार) में छोड़ने का नागरिकों एवं संगठनों से अनुरोध करें। वह वस्तु, कोई जरूरतमंद हो, वो वहाँ से ले सके। कलेक्टर ने विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि इस अभियान को व्यवस्थित स्वरूप देने के लिए दीपावली तक एक माह के लिये सभी विभाग से कुछ कर्मचारियों को नियुक्त करना सुनिश्चित करें, जिससे जिले में इस अभियान का प्रचार-प्रसार किया जा सके।

# भारतीय तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत अनुभाग स्तरीय समिति गठित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद (व्यापार/वाणिज्य उत्पादन, आपूर्ति एवं वितरण के विज्ञापन तथा विनिमय निषेध) सीओटीपीए अधिनियम की धाराओं एवं कार्यक्रम की गतिविधियों की प्रभावी क्रियान्वयन के अनुक्रम में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर जिले में भारतीय तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम के अनुभाग-5 के प्रावधानों के सफल क्रियान्वयन को लागू करने के लिये अनुभाग स्तरीय समिति (डीएलसीसी) का गठन किया गया है। जारी आदेशानुसार सामिति के अध्यक्ष कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी होंगे। पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला खाद्य एवं औषधि निरीक्षक मध्यप्रदेश, स्वास्थ्य/तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में कार्यरत प्रमुख स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं जिले के प्रमुख महाविद्यालय के प्राचार्य सदस्य होंगे।

# प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 29 को

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि आयोग से प्राप्त निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 अन्तर्गत 29 अक्टूबर 2024 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन समस्त मतदान केन्द्रों में किया जाना है। उक्त के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में 29 अक्टूबर 2024 समय 02 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाना है। उन्होंने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्धारित समय में उपस्थित रहने के लिए अनुरोध किया है।

# बच्चों से भरी स्कूल बस पर पत्थराव

## चूना दुकानदारों ने चालक-हेल्पर से की मारपीट, कीचड़ उछलने को लेकर हुआ विवाद

**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना के अजयगढ़ कस्बे के जय स्तंभ चौक में स्कूल बस के चालक और हेल्पर के साथ मारपीट और बस पर पत्थराव करने का मामला सामने आया है। दरअसल सड़क में पानी भरा था इसी दौरान बस गुजरी और पानी के छींटे चूना दुकानदारों पर उछल गए। जिससे गुस्साए दुकानदारों ने बस पर पत्थर मारे और चालक, हेल्पर के साथ मारपीट की।

गुरुवार की सुबह करीब साढे 8 बजे स्थानीय एक्सिस पब्लिक स्कूल की बस नगर के बच्चों को लेकर स्कूल की तरफ जा रही थी। तभी जय स्तंभ चौक पर हर साल की तरह इस साल भी दिवाली के पहले चुना दुकानदार सड़क किनारे दुकान लगाए हुए थे। सड़क में पानी की सप्लाई टूटने के कारण जलभराव था।

**गुस्साए दुकानदारों ने बस पर मारे पत्थरः** जब स्कूल बस निकली तो सड़क में भरा पानी चूना दुकानदारों पर उछल गया। जिससे चूना बेचने वाले आगबबूला हो गए और बस रोककर चालक और हेल्पर के साथ मारपीट करने लगे। साथ ही बस पर पत्थर भी मारे, जिससे बस के आगे का शीशा टूट गया। वहीं घटना में चालक और हेल्पर को मामूली चोटें आई हैं।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 3734/न.पा.नि./राजस्व/2024-25 रीवा, दिनांक 23/10/24

### अचल सम्पत्ति नामांतरण विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की व्यसायिक योजना क्रमांक-7 यातायात नगर रीवा जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में स्थित भूखण्ड क्रमांक WS/9 क्षेत्रफल **193.50** वर्गमीटर **श्री गया प्रसाद विश्वकर्मा पिता श्री रामकृपाल विश्वकर्मा** को 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, इनकी मृत्यु पश्चात, इस भूखण्ड का नामान्तरण श्री राजेश विश्वकर्मा, राकेश विश्वकर्मा एवं श्री गंगा प्रसाद विश्वकर्मा तीनो के पिता श्री स्व. श्री गया प्रसाद विश्वकर्मा निवासी बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.) के नाम किये जाने हेतु दिनांक 12.09.2024 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड क्रमांक WS/9 के नामांतरण में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात आवेदक के आवेदन अनुसार उक्त भूखण्ड क्र. WS/9 का नामांतरण श्री राजेश विश्वकर्मा, राकेश विश्वकर्मा एवं श्री गंगा प्रसाद विश्वकर्मा तीनो के पिता श्री स्व. श्री गया प्रसाद विश्वकर्मा निवासी बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.) के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।

**उपायुक्त ( राजस्व )**
**नगर पालिक निगम रीवा ( म.प्र. )**

# संपादकीय

## रतन टाटा ने दायित्व को बखूबी संभाला

**जिस समय- रतन टाटा अपने ग्रुप के प्रमुख बने, भारतीय एवं विश्व अर्थव्यवस्था में नए युग की शुरुआत हो रही थी। नए तौर-तरीकों के अनुरूप अपने को आगे बढ़ाने की चुनौती दरपेश थी। रतन टाटा ने इस दायित्व को बखूबी संभाला।**

**रतन टाटा ने प्रमुख उद्योगपति के रूप में अपनी मिली-जुली विरासत छोड़ते हुए दुनिया को अलविदा कहा है। जिस समय- यानी 1991 में वे टाटा ग्रुप के प्रमुख बने, भारतीय एवं विश्व अर्थव्यवस्था में नए युग की शुरुआत हो रही थी। नए दौर में पुराने तरीकों से कारोबार का माहौल सिकुड़ने लगा था। रतन टाटा ने टाटा ग्रुप की जिम्मेदारी जेआरडी टाटा से संभाली थी। जेआरटी टाटा इस ग्रुप को देश का सर्व प्रमुख उद्योग समूह बना चुके थे। लेकिन अभी उनके कार्यकाल में ही धीरुभाई अंबानी जैसे उद्योगपतियों की नई पीढ़ी तेजी से उभर रही थी। इससे टाटा ग्रुप के सामने नए उद्योगपतियों की नई दृष्टि और नए तौर-तरीकों के बरक्स अपने को संभालने और आगे बढ़ाने की चुनौती दरपेश थी। कहा जा सकता है कि रतन टाटा ने इस दायित्व को बखूबी संभाला। नए बने भूमंडलीकरण के वातावरण में वे टाटा समूह को बहुराष्ट्रीय कारोबार के दायरे में ले गए। हालांकि विदेशों में कोरस, लैंड रोवर और जगुआर जैसे समूहों को खरीदने का उनका दांव बहुत कामयाब नहीं रहा, लेकिन ये जोखिम लेकर टाटा समूह ने वैश्विक प्रतिस्पर्धा में कारोबार के महत्त्वपूर्ण अनुभव हासिल किए। नई टेक्नोलॉजी के बढ़ते प्रचलन से बने अवसर को उन्होंने समझा और टाटा ग्रुप को इन हाई टेक क्षेत्रों में कारोबार के लिए तैयार किया। अर्थव्यवस्था के साथ वित्तीयकरण की बढ़ती प्रवृत्तियों के बीच उन्होंने टाटा ग्रुप की निवेश प्राथमिकताएं बदलीं। बहरहाल, उत्तराधिकारी चुनने का प्रकरण विवादित रहा। उन्हें अपने ही चयन से चुनौतियां मिलीं। ऐसे प्रकरणों से टाटा ग्रुप की प्रतिष्ठा पर आंच आई। इसके अलावा रतन टाटा पर राजनीति में दखल देने के आरोप भी लगे। एनजीओ फंडिंग के जरिए सरकारी नीतियों को प्रभावित करने और मोनोपॉली पूंजीवाद के दौर में राजनीति में दखल देने की बढ़ी प्रवृत्तियों के बीच उनकी भूमिका भी विवादों में आई। मगर इस दौर में टाटा ग्रुप के कई प्रतिस्पर्धी उद्योग समूहों पर ऐसे हस्तक्षेप के कहीं अधिक संगीन आरोप लगे हैं। इनके बीच रतन टाटा ने मुख्य रूप से ऐसे उद्योगपति की अपनी छवि कायम रखी, जिसने उद्यम, जोखिम, निवेश और व्यापार के जरिए अपना वैश्विक प्रभाव कायम किया है।**

# आखिर क्यों झुकता दिख रहा चीन

**उमेश चतुर्वेदी**

**लद्दाख सीमा पर गश्ती को लेकर भारत और चीन के बीच सहमति बन तो गई है, लेकिन उस पर आंख मूंदकर भरोसा करना जल्दबाजी और नासमझी होगी। अतीत में चीन के रवैये को देखते हुए भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी का यह कहना समीचीन ही है कि भरोसा बहाली में समय लगेगा। रूस-यूक्रेन और इजराइल-हिजबुल्ला संघर्ष के संदर्भ में भारत और चीन के बीच हुए इस समझौते को बेहतर परिणति ही माना जाना चाहिए। 15 और 16 जून 2020 की रात को बिना हथियारों के भारतीय सैनिकों ने लाल सेना के भले ही दांत खट्टे कर दिए, लेकिन भारतीय विपक्षी दलों ने उस मौके को ओजना की राजनीति के लिए बेहतर मौके के रूप में लिया था।**



महज एक साल पहले ही तमिलनाडु में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ प्रधानमंत्री मोदी की चर्चित मुलाकात का हवाला देते हुए विपक्षी दलों ने मोदी सरकार पर दबाव बढ़ाने की कोशिश की थी। उनकी मंशा चीन के साथ सीधा युद्ध करने के लिए सरकार को उकसाना रहा। बेशक 1962 जैसी स्थिति नहीं रही। तब से लेकर भारत ने सैनिक और आर्थिक मोर्चे पर लंबा सफर तय कर लिया है। वहीं चीन इस अवधि में दुनिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आर्थिक मोर्चे के लिहाज से देखें तो भारत पांचवें नंबर पर है और सैनिक ताकत के लिहाज से देखें तो चौथे नंबर है। चीन दुनिया के तीसरे नंबर की सैन्य शक्ति है। ऐसे में सीधी सैनिक कार्रवाई की अपनी सीमाएं थीं। इसलिए विपक्षी दलों के तमाम उलाहनों और उकसावों के बावजूद मोदी सरकार ने कूटनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर चीन को घेरना शुरू किया। इसका मतलब यह नहीं कि सीमा पर सैन्य चौकसी कम की गई या सेना को कार्रवाई की छूट नहीं दी गई। गलवान के बाद जब भी जरूरत पड़ी, आधुनिक हथियार विहीन हमारे सैनिकों ने लाल सेना को आगे बढ़ने नहीं दिया।

गलवान कांड के बाद भारत ने चीन के खिलाफ कई कड़े कदम उठाए। उसमें सबसे पहला कदम यह रहा कि चीन के लिए सीधी उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। गलवान कांड के बाद से ही पड़ोसी होने के बावजूद दोनों देशों के बीच कोई सीधी उड़ान नहीं है। इस बीच चीन को आर्थिक मंदी का भी सामना करना पड़ा है। चीन को लगता है कि अगर भारत के साथ उसके कारोबारी रिश्ते बढ़ेंगे, तभी वह आर्थिक मोर्चे पर आगे रह सकता है। इसके लिए सीधी उड़ानें एक बड़ा जरिया हो सकती हैं। इसलिए सीमा पर विवाद के बावजूद वह भारत पर गाहे-बगाहे सीधी उड़ान सेवा बहाल करने के लिए कहता रहा है। वह यात्रियों के लिए सीधी उड़ान के साथ ही उनकी संख्या बढ़ाने पर भी जोर देता रहा है। लेकिन भारत ने इसकी लगातार उपेक्षा की। भारत ने एक और कड़ा कदम उठाया। चीन के लिए सख्त वीजा नियम लागू कर दिए। चीनी नागरिकों के लिए सख्त वीजा नियम होने की वजह से चीन के विशेष इंजीनियरों और तकनीशियनों की भारत में आवाजाही पर एक तरह से पाबंदी ही लग गई। इसकी वजह से चीनी आर्थिक गतिविधियों में कमी आई। इसके साथ ही भारत ने चीनी कंपनियों के निवेश पर भी कठोर नियम लागू कर दिए। गलवान कांड के तुरंत बाद भारत सरकार ने पड़ोसी देशों की कंपनियों के भारतीय निवेश की जांच प्रक्रिया में पुनरीक्षण और सुरक्षा मंजूरी की एक अतिरिक्त शर्त जोड़ दी। एक तरह से पड़ोसी देशों की कंपनियों के लिए नियम सख्त कर दिए गए। इसका सबसे ज्यादा असर चीनी कंपनियों पर पड़ा। इसकी वजह से भारतीय बाजार में चीनी कंपनियों द्वारा किए जाने वाले अधिग्रहण और निवेश पर लगाम लग गई। इसकी वजह से गलवान कांड के बाद से ही चीनी कंपनियों द्वारा प्रस्तावित अरबों डालर के निवेश की प्रक्रिया अटक गई। जिसका सीधा असर चीन की कंपनियों पर पड़ा और उन्हें आर्थिक दिक्कतें झेलनी पडीं। गलवान कांड के बाद भारत ने जो बड़ा कदम उठाया था, उसकी बड़ी चर्चा हुई थी। चीन की मोबाइल कंपनियों और एप्स की भारत में गलवान कांड के बाद बड़ी पहुंच बन गई थी। गलवान कांड के तुरंत बाद भारत ने डाटा और गोपनीयता की शर्तों के उल्लंघन का हवाला देते हुए चीन करीब 300 चीनी मोबाइल एप्स पर पाबंदी लगा दी थी। इसके बाद साल 2023 में मोदी सरकार ने चीन की स्मार्टफोन कंपनी विवो कम्युनिकेशन टेक्नॉलॉजी पर वीजा नियमों का उल्लंघन करने और 13 अरब डॉलर की धनराशि की हेराफेरी का आरोप लगाया था। जिसकी वजह से विवो के भारतीय बाजार पर बड़ा असर पड़ा। इसके साथ ही सरकार ने चीन की दूसरी बड़ी मोबाइल उत्पादक कंपनी शाओमी के खिलाफ कार्रवाई की। शाओमी पर आरोप लगा कि उसने विदेशी मुद्रा प्रबंधन कानून का उल्लंघन किया है। जांच में यह सही पाया गया और सरकार ने कार्रवाई करते हुए उसकी भारत स्थित करीब 60 करोड़ डॉलर से अधिक की संपत्तियों को जब्त कर लिया। इससे चीन के मोबाइल कारोबार को भारत में बड़ा झटका लगा। वैसे चीन को यहां तक लाने में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई बातचीत की बड़ी भूमिका रही है। चीनी विदेश मंत्री चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के वरिष्ठ सदस्य हैं। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के मुताबिक, वांग यी का मानना है कि संघर्षशील दुनिया के बीच दो प्राचीन पूर्वी सभ्यताओं और उभरते विकासशील देशों के रूप में चीन और भारत को अपनी स्वतंत्रता पर मजबूती से खड़ा रहना, लेकिन दोनों के बीच एकता और सहयोग भी होना चाहिए। वांग यी ने ही चीन को यह सुझाव दिया कि दोनों पड़ोसी देशों को एक-दूसरे को नुकसान पहुंचाने से बचना चाहिए। माना जा रहा है कि भारत और चीन के बीच करीब तीन चौथाई समस्याओं को खत्म कराने में रूसी राष्ट्रपति ब्लादीमीर पुतिन का भी योगदान है। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस, चीन के काफी करीब आया है। हालांकि उसने एक बात जरूर की है कि उसने भारत-चीन के रिश्तों में आई खटास के मद्देनजर कभी-भी चीन का साथ नहीं दिया, बल्कि भारत से अपनी पुरानी दोस्ती को बनाए रखा।

# भाजपा का रिकॉर्ड बाकी पार्टियों से बहुत बेहतर

कांग्रेस, श्री उद्धव ठाकरे और श्री शरद पवार का गठबंधन यानी महा विकास अघाड़ी लोकसभा चुनाव के नतीजों के आधार पर इस उम्मीद में है कि उसकी जीत हो जाएगी। लेकिन लोकसभा चुनाव का नतीजा एक अपवाद था। उसमें भी अगर वोट के आंकड़े देखें तो भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन यानी महायुति को कांग्रेस गठबंधन के मुकाबले सिर्फ तीन फीसदी कम वोट मिले हैं। यानी वोट का अंतर सिर्फ तीन फीसदी है और उतने पर ही तकनीकी कारणों से सीटों का अंतर दोगुने का हो गया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के चुनाव प्रचार में कहा था कि हरियाणा कांग्रेस के लिए मध्य प्रदेश साबित होगा। उनकी बात सौ फीसदी सही साबित हुई। जिस तरह से मध्य प्रदेश में कांग्रेस हारी वैसे ही हरियाणा में जीत का पूरा माहौल बनाने और नैरेटिव सेट करने के बावजूद कांग्रेस हार गई क्योंकि वह न तो हरियाणा की 10 साल की डबल इंजन सरकार के प्रति बने प्रो इन्कम्बैंसी को समझ पाई और न कांग्रेस विरोध की अंतर्धारा को समझ पाई। जम्मू कश्मीर में भी नेशनल कॉन्फ्रेंस की जीत हुई है, कांग्रेस तो बुरी तरह से हारी ही है। उसकी सीटें 12 से घट कर छह रह गईं और भाजपा की 25 से बढ़ कर 29 हो गईं। असल में इस वास्तविकता को ज्यादातर राजनीतिक विश्लेषक नजरअंदाज कर रहे हैं कि भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों की सरकारों के खिलाफ अपवाद के तौर पर ही कहीं एंटी इन्कम्बैंसी यानी सत्ता विरोधी माहौल पैदा हो रहा है। ज्यादातर जगहों पर प्रो इन्कम्बैंसी यानी सत्ता समर्थन की लहर पैदा हो रही है, जिससे एनडीए की सरकारें बार बार सत्ता में वापसी करती हैं। इस बात को आंकड़ों के आधार पर भी समझा जा सकता है। केंद्र में ही देखिए तो 50 साल के बाद ऐसा हुआ कि कोई सरकार लगातार तीसरी बार जीती। श्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के पंडित नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी की। 1977 में कांग्रेस जब पहली बार हार कर सत्ता बाहर हुई तो उसके बाद किसी भी पार्टी की सरकार लगातार तीसरी बार नहीं लौटी। वह रिकॉर्ड श्री नरेंद्र मोदी ने तोड़ा। इसी तरह अनेक राज्यों में देखा जा सकता है। हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की ज्यादा बहुमत और ज्यादा वोट के साथ सरकार बनी। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, असम, त्रिपुरा, गोवा, मध्य प्रदेश, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, मेघालय, नगालैंड यानी 12 राज्यों में भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों ने लगातार दो बार या उससे ज्यादा बार सरकार बनाई।

# दस्तावेज लीक प्रकरण: इजरायल का अगला कदम क्या होगा

**चेतनादित्य आलोक**

एक अक्टूबर को ईरान की तरफ से इजरायल पर 150 से भी ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइलों से हमले किए जाने के बाद से ही यह कयास लगाए जा रहे थे कि इजरायली सेना (आईडीएफ) इसका बदला शीघ्र लेगी? गौरतलब है कि ईरान के मिसाइल हमलों के तुरंत बाद ही आईडीएफ और पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा भी था कि ईरान को सही समय पर सही तरीके से जवाब दिया जाएगा और हाल के दिनों में इजरायल से जुड़ी मीडिया की कुछ खबरों से ये संकेत भी मिलने लगे थे कि इजरायल ने ईरान पर प्रतिशोधात्मक कार्रवाई करने की तैयारी पूरी कर ली है। 14-15 अक्तूबर को इससे संबद्ध आई खबरों के मुताबिक इजरायली सेना ने कथित तौर पर ईरान के उन ठिकानों की सूची भी तैयार कर ली थी, जिन पर वह तेहरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमलों के जवाब में हमले करना चाहता था। फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट में यह दावा %चैनल 12% न्यूज के हवाले से किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार इजरायली सेना ने ईरान पर हमले की अपनी तैयारियों के बारे में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योव गैलेंट को लक्ष्यों की एक सूची सौंपी थी। साथ ही उसने यह स्वीकार भी किया था कि आईडीएफ के लक्ष्य बिल्कुल साफ एवं स्पष्ट हैं और अब वह कभी भी जवाबी हमला कर सकता है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि इजरायल ने ईरान पर हमले की योजना के बारे में अपने सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी अमेरिका को भी बता दिया है, लेकिन अमेरिका को हमले के विशिष्ट लक्ष्यों पर कोई अपडेट नहीं दिया है। रिपोर्ट में इसकी वजह ये बताई गई थी कि यह मुद्दा बेहद संवेदनशील होने के कारण इजरायल अंतिम समय में भी अपना लक्ष्य बदल सकता है। इस मामले में आई ताजा खबरों के अनुसार इजरायल ईरानी परमाणु तथा ऊर्जा स्थलों पर हमले करने से बचेगा। ऐसा माना जाता है कि इजरायल ने अमेरिकी विरोध के बाद अपनी योजना बदल दी, अन्यथा पहले उसकी मंशा तेहरान में परमाणु साइट तथा ऊर्जा स्थलों और बुनियादी ढांचों पर हमला करने की थी। हालांकि इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कार्यालय की ओर से यह कहा गया है कि वे अमेरिका की सलाह तो सुनेंगे, लेकिन अंतिम निर्णय स्वयं करेंगे। इन सारी बातों को लेकर अभी दुनिया भर में ऊहापोह की स्थित कायम थी। मीडिया कर्मियों, राजनीतिक विश्लेषकों, रक्षा विशेषज्ञों एवं मध्य-पूर्व से जुड़े मुद्दों पर राय रखने वाले तमाम विशेषज्ञों द्वारा तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे और तभी अचानक इजरायल की ईरान पर हमले की उस योजना से जुड़ा दस्तावेज लीक हो गया, जिसके बाद दुनिया भर में इजरायल की बड़ी फजीहत हुई।

गौरतलब है कि लीक हुए दस्तावेज 15 एवं 16 अक्तूबर की तारीख वाले हैं, जिन पर %टॉप सीक्रेट% की मुहर लगी हुई है। खबरों के अनुसार 18 अक्तूबर को मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम के %मिडिल ईस्ट स्पेक्टेटर% नामक अकाउंट पर इन्हें शेयर किया गया था। हालांकि इन दस्तावेजों के लीक होने के बाद शुरूआती दौर में ऐसा लगा था कि यह सारा मामला फर्जी पर है, परंतु इसी बीच एक अमेरिकी अधिकारी ने एसोसिएटेड प्रेस को दस्तावेजों की प्रामाणिकता की पुष्टि कर दी। फिर जब यह खबर आई कि अमेरिका इजराइल की ईरान पर हमले की योजनाओं से संबंधित बेहद गोपनीय जानकारी के लीक की जांच कर रहा है,



तो शीघ्र ही मामला बिल्कुल साफ हो गया। वहीं, एक अमेरिकी अधिकारी ने सीएनएन को बताया कि यह लीक %गंभीर चिंता% का विषय है। सचमुच, यह बेहद गंभीर मामला है, क्योंकि इन दस्तावेजों में इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ हमले किए जाने को लेकर इजरायली सेना तथा खुफिया विभाग से जुड़ी तमाम महत्वपूर्ण जानकारियां शामिल हैं। इनमें से कथित रूप से राष्ट्रीय खुफिया एजेंसी वाला दस्तावेज यह बताता है कि इजराइल हथियारों को एक जगह से दूसरी जगह पर ले जा रहा है, जबकि राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी से संबंधित कथित दस्तावेज में इजराइली वायु सेना द्वारा किए जा रहे अभ्यासों का विवरण मौजूद है, जिसमें सतह पर मार करने वाली मिसाइलों का इस्तेमाल करते हुए बताया गया है।

मामले की संवेदनशीलता को इस बात से भी समझा जा सकता है कि लीक हुए दस्तावेजों में से एक में यह भी संकेत दिया गया है कि इजरायल के पास परमाणु हथियार मौजूद हैं। गौरतलब है कि इजरायल स्वयं इसे आज तक सार्वजनिक रूप से पुष्टि करने से हमेशा बचता रहा है। इनके अतिरिक्त इन दस्तावेजों में यह भी बताया गया है कि अमेरिका को इस प्रकार का कोई संकेत नहीं मिला है कि इजरायल ईरान के विरूद्ध परमाणु हथियारों का उपयोग करने की योजना बना रहा है या नहीं। आश्चर्य होता है कि इतने संवेदनशील दस्तावेज आखिर लीक कैसे हो गए, जिनकी पहुंच %फाइव आइज% खुफिया गठबंधन तक ही सीमित थी। बता दें कि इस खुफिया गठबंधन में अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि इस %लीक प्रकरण% के बाद इजरायल और अमेरिका के संबंधों में खटास आ सकती है। वैसे यह तो सभी को पता ही है कि इजरायल और अमेरिका अच्छे दोस्त रहे हैं। अमेरिका इजरायल को संकट के समय मदद करने वाला एक विश्वासी सहयोगी के रूप में जाना जाता रहा है, लेकिन देखा जाए तो हाल के दिनों में इजरायल और अमेरिका के संबंधों में थोड़ी दूरियां महसूस की जाती रही हैं।

गौरतलब है कि कुछ सप्ताह पूर्व अमेरिका द्वारा इजरायल को गाजापट्टी में %सीज-फायर% के दिए गए प्रस्ताव को इजरायली प्रधानमंत्री ने सिरे से खारिज करते हुए अपने हमले को न केवल जारी रखा था, बल्कि हमास के खात्मे तक हमले जारी रखने के अपने संकल्प को दोहराया भी था। बिल्कुल वैसे ही ईरान के मिसाइल हमले के जवाब में प्रस्तावित इजरायली हमले के संदर्भ में इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कार्यालय की ओर से यह स्पष्ट कर दिया गया है। कि वे अमेरिका की सलाह तो सुनेंगे, लेकिन अंतिम निर्णय स्वयं करेंगे।

# विश्व पोलियो दिवस, पोलियो उन्मूलन के लिए मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री की सराहनीय भूमिका

**मीडिया ऑडिटर, एमसीबी निप्र।** पोलियो एक गंभीर बीमारी है, जो आमतौर पर छोटी उम्र में भी लोगों को अपना शिकार बना लेती है। यही वजह है कि इसके प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के मकसद से हर साल 24 अक्टूबर को विश्व पोलियो दिवस मनाया जाता है। यह दिन लोगों को इस गंभीर बीमारी के बुरे परिणामों के बारे में बताने के साथ ही इससे निपटने के तरीकों के बारे में भी जानकारी देता है। भारत को भले ही पोलियो मुक्त घोषित किया जा चुका है, लेकिन आज भी दुनियाभर में कई लोग इस बीमारी से प्रभावित हैं। इस दिन को मनाने की शुरुआत 1985 में की गई थी। यह दिन रोटरी इंटरनेशनल द्वारा बनाई गई पहली पोलियो वैक्सीन टीम के प्रमुख चिकित्सा शोधकर्ता जोनास साल्क के प्रयासों के सम्मान में मनाया जाता है। तब से लेकर आज तक हर साल 24 अक्टूबर को यह दिन मनाया जाता है।






पोलियो के प्रति जागरूकता फैलाने वाला यह दिन हर साल किसी खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस साल वर्ल्ड पोलियो डे की थीम हैः "हर बच्चे तक पहुंचने के लिए एक ग्लोबल मिशन" पोलियो, जिसे पोलियोमाइलाइटिस भी कहा जाता है, एक बेहद संक्रामक वायरल बीमारी है, जो मुख्य रूप से 5 साल से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करती है। इसकी वजह से प्रभावित बच्चे को पैरालिसिस होता है और कभी-कभी मौत भी हो जाती है। ऐसे में इस बीमारी से बचाव के लिए 1988 में ग्लोबल पोलियो इरेडिकेशन इनीशिएटिव (जीपीइआई) जैसी पहल की शुरुआत के बाद से, दुनिया भर में पोलियो के मामलों को कम करने में मदद मिली है। इस पहल के बाद पोलियो के मामलों में 99% से ज्यादा की गिरावट आई है और पोलियो अब केवल कुछ ही देशों में स्थानिक बीमारी है।

एमसीबी जिले ने पोलियो उन्मूलन के प्रयासों में एक अग्रणी भूमिका निभाई है। इस सफलता के पीछे राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की अहम भूमिका रही है, जिनके नेतृत्व में राज्य ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाया और पोलियो के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया। पोलियो (पोलियोमाइलिटिस) एक संक्रामक बीमारी है जो पोलियोवायरस के कारण होती है। यह मुख्य रूप से बच्चों को प्रभावित करती है, जिससे उनकी मांसपेशियों में कमजोरी आ जाती है और स्थायी विकलांगता या मृत्यु भी हो सकती है। एक समय था जब यह बीमारी दुनियाभर में विकराल रूप ले चुकी थी, और लाखों बच्चे इससे प्रभावित हो रहे थे। लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ जैसी वैश्विक संस्थाओं ने पोलियो उन्मूलन के लिए व्यापक अभियान शुरू किए, जिसमें टीकाकरण एक मुख्य हथियार बना। भारत में पोलियो का आखिरी मामला 2011 में सामने आया था, और 2014 में देश को पोलियो मुक्त घोषित कर दिया गया। यह एक बड़ी उपलब्धि थी, लेकिन इस यात्रा में राज्यों का योगदान भी महत्वपूर्ण रहा है। छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों ने पोलियो उन्मूलन की दिशा में जो कदम उठाए, वे पूरे देश के लिए प्रेरणा बने।

छत्तीसगढ़, जो अपने आदिवासी और ग्रामीण आबादी के लिए जाना जाता है, पोलियो उन्मूलन की दिशा में एक चुनौतीपूर्ण राज्य रहा है। राज्य की भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या की विविधता और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में आने वाली समस्याएं इसे और अधिक चुनौतीपूर्ण बनाती हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने पोलियो उन्मूलन के लिए कई अहम कदम उठाए। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बेहतर बनाने के लिए राज्य में एक मजबूत टीकाकरण अभियान शुरू किया गया, जिसमें विशेष ध्यान उन ग्रामीण और आदिवासी इलाकों पर था, जहां स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच कम थी।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने कार्यकाल के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दी। उनका मानना था कि किसी भी राज्य की समृद्धि तभी संभव है जब उसकी जनता स्वस्थ हो। पोलियो जैसे रोगों को समाप्त करना उनके एजेंडे में सबसे ऊपर था। उनके नेतृत्व में राज्य में व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य योजनाओं की शुरुआत की गई, जिनका उद्देश्य पोलियो जैसी बीमारियों का पूर्ण उन्मूलन था। विष्णुदेव साय ने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने के लिए कई पहल कीं। उन्होंने टीकाकरण अभियानों को तेजी से लागू करने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और डॉक्टरों की संख्या बढ़ाई और सुनिश्चित किया कि राज्य के हर कोने में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकें। खासकर मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जैसे दूरदराज के क्षेत्रों में उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए विशेष प्रयास किए।

**श्याम बिहारी जायसवाल की नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं का हो रहा विस्तारः** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने राज्य में पोलियो के खिलाफ लड़ाई में मुख्य भूमिका निभाई। उन्होंने राज्य के स्वास्थ्य विभाग को सशक्त बनाया और पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए एक व्यापक रणनीति बनाई। उनके नेतृत्व में राज्य में कई पोलियो टीकाकरण अभियान चलाए गए, जिनमें "पल्स पोलियो अभियानष् सबसे प्रमुख था। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि राज्य के सभी जिलों में, विशेषकर आदिवासी और दूरदराज के इलाकों में टीकाकरण कार्यक्रम सुचारू रूप से चले। इसके लिए उन्होंने बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मियों और स्वयंसेवकों की टीम तैयार की, जो घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का काम कर रहे थे। एमसीबी जिला, छत्तीसगढ़ के नए जिलों में से एक है, जो राज्य के पोलियो उन्मूलन अभियान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बेहतर बनाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। इस जिले ने अपने पहाड़ी और दूरदराज के इलाकों के कारण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक चुनौतीपूर्ण क्षेत्र रहा है। लेकिन सरकार की योजनाओं के तहत यहां स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया गया और सुनिश्चित किया गया कि कोई भी बच्चा पोलियो टीकाकरण से वंचित न रह सके। छत्तीसगढ़ में पोलियो उन्मूलन के आंकड़े राज्य की कड़ी मेहनत और समर्पण को दर्शाते हैं।

राज्य में पोलियो का आखिरी मामला 2009 में सामने आया था। उसके बाद से लगातार टीकाकरण अभियान चलाए गए, जिसके परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ को पोलियो मुक्त राज्य घोषित किया गया। राज्य में 2020 में करीब 85% बच्चों का टीकाकरण सफलतापूर्वक किया गया, और यह आंकड़ा 2024 में 95% से अधिक हो चुका है। राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार एमसीबी जिले में 98% बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई जो राज्य के औसत से भी बेहतर है।

**पोलियो उन्मूलन के लिए किया जा रहा सामूहिक प्रयासः** पोलियो उन्मूलन के लिए सरकार और जनता का सहयोग अत्यंत आवश्यक होता है। विष्णुदेव साय और श्यामबिहारी जायसवाल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सरकारी संस्थाओं के साथ-साथ गैर सरकारी संगठनों और समाजसेवियों का भी बड़ा योगदान रहा है। पोलियो टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए राज्य सरकार ने कई जन जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए, जिनके तहत लोगों को पोलियो के खतरे और टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। छत्तीसगढ़ पोलियो उन्मूलन की दिशा में जो सफलता हासिल की है वह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की दूरदर्शिता और नेतृत्व का परिणाम है। उनके प्रयासों से न केवल एमसीबी जिला बल्कि पूरा छत्तीसगढ़ पोलियो मुक्त होने की दिशा में अग्रसर हुआ है।

## शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोमनहिल में केंद्रीय मानक गुणवत्ता की टीम ने किया निरीक्षण

**मीडिया ऑडीटर, चिरमिरी निप्र।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोमनहिल में केंद्रीय मानक गुणवत्ता की टीम के द्वारा 22 और 23 अक्टूबर को (एसेसमेंट) निरीक्षण किया गया जिसमें शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोमनहिल द्वारा दिए जा रहे सेवाओं का केंद्र के मापदंडों के मानक अनुरूप सेवाएं दी जा रही है या नहीं इन सभी सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में केंद्र सरकार के द्वारा दो निरीक्षण कर्ताओं को भेजा गया जिनमें डॉक्टर आशुतोष मिश्रा एवं डॉक्टर विकास त्यागी (आसेसर)निरीक्षक के रूप में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोमनहिल में निरीक्षण करने के लिए आए थे । समस्त निरीक्षण में मुख्य भूमिका एवं अगुवाई मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश



खरे द्वारा किया गया एवम उनके निर्देशों का पालन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ मोहन प्रसाद आनंद एवम उनके समस्त कर्मचारीयो के द्वारा किया गया ।

ज्ञात होगी की माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल जी के विधानसभा क्षेत्र का प्रथम अस्पताल यह होगा यदि वह केंद्र के द्वारा निरीक्षण में पास हो जाते हैं एवं एन. क्यू.ए.एस. सर्टिफाइड हो जाते हैं ।

निरीक्षण में राज्य से राज्य कंसल्टेंट के रूप में कुमारी कृति का साहोग मिला। राष्ट्रीय मानक गुणवत्ता के निरीक्षण में डॉक्टर पुष्पेंद्र सोनी जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ.एस.कुजूर बी.एम.ओ एवं राकेश वर्मा शहरी कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा सभी प्रकार का सहयोग अस्पताल में एवम निरीक्षणकर्ताओं को प्रदान किया गया।

## शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विशेष रोजगार मेला का आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** अग्रणी महाविद्यालय शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेद्रगढ़ में परियोजना निदेशक नितेश कुमार उपाध्याय जिला ग्रामीण विकास प्रशासन योजना, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) के नेतृत्व में एवं प्राचार्य डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में महाविद्यालय में जिला स्तरीय विशेष रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें एस.आई.एस. ग्रुप इंटरप्राइजेश के भर्ती अधिकारी उपस्थित हुए जिले के उपस्थित बेरोजगारों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. विश्नोई ने बताया कि सुरक्षा के क्षेत्र में अपना करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए यह सुनहरा अवसर है।

जिनकी आयु 19 वर्ष से 40 वर्ष के बीच है वे सभी इस रोजगार मेले का लाभ ले सकते है। उन्होने उपस्थित युवाओं से कहा कि यदि तत्काल आपकी आर्थिक जरूरतें हैं और आप के मां-बाप इस हेतु सहमत हैं तो आप सभी इस अवसर का लाभ उठावें। रोजगार मेले में भर्ती अधिकारी के रूप में उपस्थित संतोष राव ने बताया कि इच्छुक युवाओं को सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के पद पर भर्ती किया जाता है। सुरक्षा जवान के आठ सौ पदों हेतु दसवी पास या फेल युवा आवेदन कर सकते है, इसमें चयन होने पर प्रतिमाह 14000 से 21000 रू. वेतन प्राप्त होगा।

सुरक्षा सुपरवाइजर के 300 पदों में भर्ती हेतु 12 वी उत्तीर्ण युवा पात्र है जिनके 17000 से 25000/- रू. वेतन प्राप्त होगा। आज की इस रोजगार मेंला में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ जिलो भर के बेरोजगार युवाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भर्ती अधिकारी के द्वारा उपस्थित युवाओं का नाप -जोख कर चयनित प्रतिभागियों से आवेदन-पत्र जमा कराया गया एवं अगले चरण में अनुपपुर (म.प्र) प्रशिक्षण हेतु बुलाया गया। चयनित युवाओं में शैलेश चन्द्र, बृजेश कुमार, उमाशंकर, आदि है। आज के रोजगार मेले को सफल बनाने में सहा. प्राध्यापकगण डॉ. अरूणिमा दत्ता, सुशील कुमार तिवारी, कमलेश पटेल शरणजीत कुजूर, रामनिवास गुप्ता, पुष्पराज सिंह, प्रकाश मनिकापुरी एवं कार्यालयीन स्टॉप मनीष श्रीवास्तव, सुनित जॉनसन बाड़ा, आर के. गुप्ता, हेमंत सिंह, साधना बुनकर, प्रदीप कुमार मलिक, सतीश सोनी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सड़कों पर मवेशियों की मौत पर हाईकोर्ट नाराज

### चीफ जस्टिस बोले- अफसर कुछ नहीं कर पा रहे, तो बच्चों से मांग रहे आइडिया



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सड़कों पर लगातार हो रही मवेशियों की मौत पर चिंता जाहिर की है। अफसरों की कार्यप्रणाली और अव्यवस्था से नाराज चीफ जस्टिस ने एडवोकेट जनरल प्रफुल्ल एन भारत से पूछा है कि, क्या दिक्कतें आ रही है। आखिर समस्या का समाधान क्यों नहीं हो पा रहा है।

इस विषय पर डिवीजन बेंच ने बिलासपुर कलेक्टर की ओर से बच्चों से आइडिया लेने और उन्हें शामिल करने पर हैरानी जताई। कहा कि बड़े-बड़े अफसरों का आइडिया फेल हो रहा है। करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। ऐसे में खुद से काम नहीं हो रहा है, तो बच्चों से आइडिया ले रहे हैं। बच्चों को इसमें शामिल करने के बजाए उन्हें पढ़ने दीजिए। जब वो साइंटिस्ट बन जाएंगे फिर उनसे आइडिया लेंगे तो बेहतर होगा।

दरअसल, मवेशियों के कारण लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों और लोगों की मौत को लेकर चल रही जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने प्रशासनिक अफसरों के रवैए पर कड़ी नाराजगी जताई।

**गौशाला संचालक की तरफ लगी हस्तक्षेप याचिकाः** एडवोकेट रमाकांत पांडेय ने हस्तक्षेप आवेदन पेश किया। इसमें गौशाला संचालकों की तरफ से मवेशियों की सुरक्षा को लेकर बिंदुवार सुझाव दिए गए हैं। इस पर चर्चा हुई तब हाईकोर्ट ने फिर से तंज करते हुए कहा कि, जब बच्चों से आइडिया ले रहे हैं, तो आप लोग सुझाव दे ही सकते हैं। उनके सुझाव पर शासन-प्रशासन को अमल करने के लिए कहा।

**हस्तक्षेप आवेदन पर दिया ये सुझावः** पंजाब और हरियाणा की तरह छत्तीसगढ़ में भी पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और इसे प्रतिबंधित किया जाए। छत्तीसगढ़ के सभी गांवों में मनरेगा की योजना चलाई जा रही है। इसके तहत मवेशियों की मॉनिटरिंग करने के लिए मजदूरों से काम लिया जाए। मनरेगा से चरवाहों की व्यवस्था करने से मवेशियों की सुरक्षा और मॉनिटरिंग हो सकेगी। इससे किसानों की फसलों की सुरक्षा भी हो सकेगी।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए राजनीतिक और अन्य कई कारणों से चारागाह की भूमि को सुरक्षित की जाए। चारागाह की जमीन पर अतिक्रमण रोकी जाए। राज्य सरकार पहले से स्थापित गौठानों को व्यवस्थित करने के लिए प्रभावी उपाय करें। इन गौठानों पर हजारों करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं, लेकिन अभी तक राज्य सरकार ने इन्हें पुनर्जीवित करने के लिए कोई योजना नहीं बनाई।

गांवों में पीडीएस योजना के तहत लाभार्थियों को चावल के स्थान पर धान दिया जाए, ताकि मार्कफेड, एफसीआई, सहकारी बैंक और समिति का बोझ कम हो और किसानों को 'चावल की भूसी' (कोढ़ा) की व्यवस्था करने में मदद मिल सके।

## कोरिया परिवहन कार्यालय का हाल बेहाल, आरटीओ रहते है नदारद

**मीडिया ऑडीटर, कोरिया निप्र।** कोरिया परिवहन कार्यालय की जहां परिवहन अधिकारी अनिल भगत जी पद में है लेकिन उनका सूरजपुर में भी परिवहन अधिकारी के तौर पर नियुक्ति है इस कारण कोरिया परिवहन कार्यालय में अधिकतर समय नदारत ही रहते हैं जिसके करण करण परिवहन कार्यालय में आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है जैसे की जनता अपनी दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की लाइसेंस के लिए वहां पहुंचते हैं तो उनका कार्य सही समय पर ना होना यह एक प्रश्न चिन्ह उत्पन्न करता है। और तो और लाइसेंस रिन्यूअल कराने के लिए




भी जस्त तो जोहत करना पड़ रहा है। लाइसेंस बनाने के लिए भी परिवहन कार्यालय के एजेंटों के द्वारा 3500 से ?4000 की रकम उसुराए जाती है उसके बाद ही लाइसेंस परिवहन अधिकारी जारी करते हैं नहीं तो लाइसेंस के लिए जो भी वहां पहुंचते हैं उन्हें परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं किया जाता है किसी न किसी पेज में फंसा कर उन्हें अनुत्तीर्ण कर दिया जाता है इस प्रकार से परिवहन कार्यालय में धांधली का कार्य चल रहा है। जानकारी के अनुसार परिवहन अधिकारी हमेशा कार्यालय से नदारत रहते हैं और दूसरी पहेलियां की बात करें तो चिरमिरी शहर में कहीं वैसे ऐसी है जो यूपी बिहार झारखंड की ओर जाती है लेकिन परिवहन अधिकारी ने कभी भी महसूस नहीं किया कि इन वर्षों की चेकिंग की जाए और इनका फिटनेस परमिट कहां से कहां तक की परमिट है यात्राओं की क्या-क्या सुविधा बस में प्रदान की जा रही है उसकी जानकारी लें दूसरी और क्षेत्र में चल रही स्कूल बसें में भी कितनी अंविताएं हैं उसकी भी कोई जांच परिवहन अधिकारी के द्वारा नहीं की जा रही है आने वाले समय में अगर किसी प्रकार की अवहेलना होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी किसकी होगी यह तो समझ से परे है।पूरे कोरिया और एमसीबी जिले में कृषि कार्य के लिए ट्रैक्टर की खरीदी की जाती है परंतु ट्रैक्टरों से कमर्शियल कार्य किया जा रहा है उसके बावजूद भी परिवहन अधिकारी मौन बने बैठे हुए हैं लगता है ऐसे है कि परिवहन अधिकारी पूरे भ्रष्टाचार में लिप्त है जिसके कारण किसी पर भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आए दिन ओवरलोड ट्रक गिट्टी लेकर चर्चा रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंच रही है पत्रकारों के द्वारा सूचना देने पर भी उनके विरुद्ध किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है आखिर ऐसा परिवहन अधिकारी के द्वारा क्यों किया जा रहा है।

## फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में कोलकाता की फ्लाइट पर बम होने की अफवाह ने यात्रियों को दहशत में डाल दी। इस खबर के बाद यात्रियों को आननफानन में उतारा गया, जिसके बाद फ्लाइट की जांच कर रवाना किया गया। इस दौरान यात्रियों में अफरातफरी की स्थिति बन गई। बता दें कि इन दिनों देश भर में फ्लाइट को उड़ाने लगातार धमकियां मिल रही है। बिलासपुर में भी अलायंस एयर की विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद प्रशासन अलर्ट हो गया।

# 1 लाख 80 हजार शिक्षक हड़ताल पर

## वेतन विसंगति, पदोन्नति सहित 5 मांगों को लेकर प्रदर्शन, स्कूलों में पढ़ाई ठप

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के करीब 1 लाख 80 हजार शिक्षक गुरुवार को सामूहिक अवकाश लेकर एक दिवसीय हड़ताल चले गए। शिक्षकों के एक साथ हड़ताल पर चले जाने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई। उनका प्रदर्शन वेतन विसंगति, क्रमोन्नति, समयमान, पदोन्नति, पेंशन समेत कई मांगों को लेकर था।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले यह प्रदर्शन हुआ। आगे भी चरणबद्ध तरीक से उनका प्रदर्शन चलेगा। मोर्चा के प्रदेश संयोजक वीरेंद्र दुबे के मुताबिक 5 सूत्रीय मांगों को लेकर पहले भी शिक्षक कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं। मोदी की गारंटी के तहत जो वादे किए गए थे उन्हें पूरा करना चाहिए।




**सरगुजा में धरना देकर किया प्रदर्शनः** सरगुजा संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में जिले के शिक्षकों ने बड़ी संख्या में प्रदर्शन में हिस्सा लिया। संघर्ष मोर्चा के जिला प्रभारी मनोज वर्मा ने दावा किया कि जिले में करीब 10 हजार शिक्षक हड़ताल पर हैं। शिक्षकों के आंदोलन के कारण 80 फीसदी स्कूलों में पढ़ाई नहीं हो सकी।

**रायगढ़ में ‸3 हजार शिक्षक अवकाश परः** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में एलबी संवर्ग के 3 हजार शिक्षक गुरुवार को अवकाश पर रहेंगे। अपनी मांगों को लेकर शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मिनी स्टेडियम में धरना देंगे। इसके लिए शिक्षकों के एलबी संवर्ग ने लगभग सभी तैयारियां कर ली हैं। बताया जा रहा है कि पिछले सेवा गणना मिशन के तहत शिक्षकों के संगठन ने नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करने समेत कई मांगों को लेकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को आवेदन दिया था।

लेकिन मांगें पूरी नहीं होने पर 24 अक्टूबर को सामूहिक अवकाश लेकर प्रदर्शन करने की जानकारी दी थी। ऐसे में गुरुवार को जिले के एलबी संवर्ग के 3000 से अधिक शिक्षक एलबी संवर्ग एक दिन का अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे।

**सभी जिलों में होगा विरोध प्रदर्शनः** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में शिक्षक सामूहिक अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे। ऐसे में रायगढ़ जिला संयोजक नेतराम साहू, भोजराम पटेल, सचिदानंद पटेल, नोहर सिंह सिदार, गुरुदेव राठौर, सपना दुबे, गायत्री ठाकुर, बिनेश भगत ने भी सभी एलबी संवर्ग के शिक्षकों को इस आंदोलन में हिस्सा लेने कहा है।

**यह है पांच सूत्रीय मांगें**

1. सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर, समस्त एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान किया जाए।

2. समतुल्य वेतनमान में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जाए।

3. पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित करें। केंद्र सरकार के 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के सामान 33 साल में पूरे पेंशन के स्थान पर 20 साल में पूरे पेंशन का प्रावधान किया जाए।

4. उच्च न्यायालय बिलासपुर की डबल बेंच ने याचिका पर कहा था कि, सभी पात्र एलबी संवर्ग शिक्षकों के लिए पदोन्नति-समयमान वेतनमान का विभागीय आदेश किया जाए।

5. शिक्षक और कर्मचारियों को केंद्र के सामान 1 जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाए। जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ / सीजीपीएफ खाते में किया जाए।

## उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मनेन्द्रगढ़ के जानकारी अनुसार सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम पंचायत चनवारीडांड विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ (आईडी क्रमांक-532002043) का सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु आबंटन किया जाना हैं। संचालन के लिए आदिम जाति सहकारी समिति, बहुउद्देशीय सहकारी समिति, महिला स्वयं सहायता समूह, वन सुरक्षा समिति एवं अन्य समितियों से आवेदन आमंत्रित कर नियमानुसार आबंटन की कार्यवाही किया जाना है। अतः उपरोक्त संबंधितों से 23 अक्टूबर 2024 से 11 नवम्बर 2024 तक कार्यालयीन समय तक पंजीयन प्रमाण पत्र, पासबुक की छायाप्रति एवं अन्य सम्यक दस्तावेज सहित आवेदन पत्र जमा किया जाना है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मनेन्द्रगढ़ में कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 10:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक लिया जायेगा।

# पीएम जन-मन में 5,481 पीवीटीजी बहुल गांवों में हो रहा समग्र विकास-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) योजना के जरिये प्रदेश में निवासरत् बैगा, भारिया एवं सहरिया विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों (पीवीटीजी) को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के महती प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य सरकार ने ऐसे 5,481 गांव चिन्हित किये हैं, जहाँ पीवीटीजी आबादी बहुतायत में निवास करती है। इन गांवों में केन्द्र एवं राज्य सरकार के 9 मंत्रालय/विभाग, अपनी 11 प्रकार की नागरिक सुविधाओं की आपूर्ति को सहज और सुगम तरीके से उपलब्ध कराकर इनका कायाकल्प कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि अभियान के अंतर्गत प्रदेश के विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य जिलों में कुल 7 हजार 300 करोड़ रुपए की लागत से नये स्वास्थ्य केन्द्रों, छात्रावासों, बहुउद्देशीय केंद्रों, सड़कों, पुलों और आवासों सहित अन्य प्रकार के निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं। इससे प्रदेश के 24 जिलों में निवास करने वाले बैगा, भारिया एवं सहरिया विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के 11 लाख 35 हजार से अधिक भाई-बहन लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि इन जनजातियों की बसाहट वाले जिलों में सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना के अंतर्गत नवीन आंगनवाड़ी केन्द्रों की स्थापना कर इनका सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों के ऐसे मजरे टोले, जिनकी जनसंख्या 100 या अधिक है और जहां आंगनवाड़ी केन्द्र नहीं है, वहां भी नए केन्द्र खोले जा रहे हैं। अभियान के तहत सभी पात्र पीवीटीजी परिवारों को पक्का घर देकर इनकी आबादी बहुल गांव तक पहुंच मार्गों का निर्माण सहित नये वन-धन विकास केन्द्र आदि नव निर्माण कर इन जनजातियों के कौशल प्रशिक्षण के भी विशेष प्रयास किये जा रहे है। इसी प्रकार धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के जरिये केन्द्र और राज्य सरकार ने पीवीटीज के अलावा अन्य सभी जनजातियों के समग्र विकास का खाका तैयार कर लिया है। सरकार ने इस अभियान में 11 हजार 377 जनजातीय बहुल गांवों को विकास की धारा से जोड़ने की योजना बनाई है। इन गांवों में केन्द्र व राज्य सरकार के 18 मंत्रालय/विभाग 25 प्रकार की जन-सुविधाओं की सहज आपूर्ति करेंगे। इस अभियान में प्रदेश की पूरी जनजातीय आबादी को स्कीम कवर में ले लिया गया है। केन्द्र सरकार के संबंधित मंत्रालय/विभाग अपनी विभागीय सेवाओं/सुविधाओं से जनजातीय समुदाय को जोड़ने और उनके विकास की दिशा में अतिरिक्त सक्रियता से कार्य करेंगे। इस अभियान में ग्रामीण विकास, जलशक्ति, विद्युत, नवीन और नवकरणीय ऊर्जा, लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, महिला और बाल विकास, शिक्षा, आयुष, कौशल विकास और उद्यमिता, इलेक्ट्रानिक्स विकास और सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि और किसान कल्याण, पंचायती राज, पर्यटन तथा जनजातीय कार्य मंत्रालय सहित दूरसंचार, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी विभाग को अपनी विभागीय सेवायें देने शामिल किया गया है।

# स्पेस सेक्टर में स्टार्ट अप पर 1,000 करोड़ खर्च करेगी : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत सरकार स्पेस सेक्टर में स्टार्ट अप को बढ़ावा देने के लिए 1,000 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इसे पांच में खर्च किया जाएगा। 2025-26 में 150 करोड़, 2026-27, 2027-28 और 2028-29 में 250-250 करोड़, 2029-30 में 100 करोड़ खर्च होंगे। केंद्रीय मंत्री अश्विन वैष्णव ने यह जानकारी गुरुवार को कैबिनेट की बैठक के बाद दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैठक की अध्यक्षता की। आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने इस दौरान रेल मंत्रालय के 6,798 करोड़ रुपए के दो प्रोजेक्ट को पास किया। इसमें नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढी-मुजफ्फरपुर खंड में 256 किलोमीटर की रेल लाइन को डबल किया जाएगा। वहीं अमरावती होते हुए एर्रुपलेम और नंबुरु के बीच 57 किमी की नई रेल लाइन बिछाई जाएगी। यह आंध्र प्रदेश के एनटीआर विजयवाड़ा और गुंटूर जिलों और तेलंगाना के खम्मम जिले से होकर गुजरेगी। बिहार में होने वाले दोहरीकरण से नेपाल, पूर्वोत्तर भारत तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। मालगाड़ियों के साथ-साथ यात्री ट्रेनों की आवाजाही में सुविधा होगी। दोनों योजनाएं तीन राज्यों आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार के 8 जिलों को कवर करेंगी।9 अक्टूबर- दिसंबर 2028 तक गरीबों को मुफ्त अनाज केंद्रीय कैबिनेट की 9 अक्टूबर को हुई बैठक में राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में 4406 करोड़ रुपए के निवेश से 2280 चरू सड़क निर्माण को मंजूरी दी गई थी।

# प्रियंका गांधी के पास 12 करोड़ की संपत्ति

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया। हलफनामा में उन्होंने 12 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति घोषित की है। उनके पास 4.24 करोड़ रुपए की चल और 7.74 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां है। इसके अलावा उन्होंने अपने पति रॉबर्ट वाड्रा की संपत्ति का भी ब्योरा दिया है। वाड्रा के पास कुल 65.54 करोड़ रुपए की संपत्ति है, जिसमें से चल संपत्तियां 37.9 करोड़ रुपए और अचल संपत्तियां 27.64 करोड़ रुपए की हैं। प्रियंका के हलफनामा पर गुरुवार को भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा- प्रियंका गांधी वाड्रा के हलफनामा में पति रॉबर्ट वाड्रा की संपत्ति की जानकारी गलत बताई गई है। रॉबर्ट वाड्रा की आय कम है, लेकिन इनकम टैक्स विभाग ज्यादा डिमांड कर रहा हैं। ऐसा कैसे हो सकता हैं। उन्होंने शिमला में घर खरीदा, लेकिन केवल उसके 10वें हिस्से की कीमत बताई। यानी दिखाने के दांत अलग और खाने के दांत अलग है। भाटिया बोले- कांग्रेस ने अपने राष्टीय अध्यक्ष खड़गे का अपमान किया गौरव भाटिया ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे की तस्वीर दिखाई। इसमें खड़गे पीछे की सीट पर बैठे थे। उन्होने कहा कि खड़गे पिछड़े वर्ग से आते है। केवल किसी पद पर बैठा कर इन लोगों ने रिमोट अपने हाथ में रखा हैं। ये लोग किसी बाहरी को नेता को अपनाना ही नहीं चाहते। इन्होने तो मौलानाओं की बैठक में कांग्रेस को मुस्लिम पार्टी माना है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि वायनाड में आपदा के दौरान इतनी संपत्ति होने के बावजूद भी इस परिवार ने एक भी रुपए दान नहीं दिया। वायनाड में 13 नवंबर को वोटिंग, राहुल ने सीट छोड़ी, इसलिए उपचुनाव प्रियंका गांधी पहली बार चुनाव लड़ रही हैं।

# कश्मीर के बटगुंड में आतंकियों ने मजदूर पर गोली चलाई

**कश्मीर ( एजेंसी )।** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के बटगुंड में गुरुवार सुबह आंतकवादियों ने एक और मजदूर पर गोलीबारी की। इस हमले में मजदूर घायल हो गया, जिसका इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक घायल उत्तर प्रदेश का शुभम कुमार (19) है। इस घटना के बाद पुलिस ने इलाके में आतंकियों की तलाश करने सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। उधर, श्रीनगर में गनबाग इलाके में एक गैर कश्मीरी युवक का शव मिला है। पुलिस के मुताबिक यह व्यक्ति बंगाल का रहने वाला एमडी जाहुद है। पिछले एक हफ्ते में गैर कश्मीरियों पर हुआ यह तीसरा हमला है। इससे पहले 20 अक्टूबर को गांदरबल और 18 अक्टूबर को शोपियां में आतंकियों ने टारगेट किलिंग को अंजाम दिया था। लगातार हो रहे हमलों को देखते हुए राजभवन में आज हाई लेवल मीटिंग होने वाली है। जिसमें नॉर्थ विंग कमांडर, जम्मू-कश्मीर डीजीपी कोर कमांडर और खुफिया एजेंसियों के अधिकारी शामिल होंगे।

# सलमान खान को धमकी देने वाला गिरफ्तार



**मुंबई/रांची ( एजेंसी )।** सलमान खान को धमकाते हुए 5 करोड़ रुपए की डिमांड करने वाले शेख हुसैन शेख मौसिन (24) को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुंबई की वरली पुलिस ने इसे झारखंड के जमशेदपुर से बुधवार (23 अक्टूबर) को अरेस्ट किया।

आज इसे ट्रांजिट रिमांड पर झारखंड से मुंबई लाया जाएगा। जमशेदपुर के सब्जी बेचने वाले शेख हुसैन शेख मौसिन ने ही पिछले हफ्ते मुंबई ट्रैफिक पुलिस को वॉट्सऐप कॉल करके फिरौती मांगी थी। उसने खुद को लॉरेंस गैंग का मेंबर बताया था। धमकी देने के बाद मांगी थी माफी मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने जानकारी दी कि पुलिस ने संदेश भेजने वाले का पता लगाने के लिए तुरंत जांच शुरू की। इसी बीच, मुंबई ट्रैफिक पुलिस को उसी मोबाइल नंबर से एक माफी वाला मैसेज भी मिला। पुलिस ने झारखंड के उस नंबर का पता लगाया और आरोपी को पकड़ने के लिए एक टीम भेजी। मैसेज में लिखा था- सलमान को 5 करोड़ देने होंगे मुंबई पुलिस के मुताबिक, धमकी भरी मैसेज में लिखा था- 'इसे हल्के में मत लीजिए। सलमान खान को जिंदा रहना है और उसे लॉरेंस से दुश्मनी खत्म करनी है तो उसे 5 करोड़ रुपए देने होंगे। अगर पैसे नहीं दिए गए तो सलमान का हाल बाबा सिद्दीकी से भी बुरा होगा।

' 12 अक्टूर को हुई थी बाबा सिद्दीकी की हत्या 12 अक्टूबर को सलमान के करीबी और हृष्टक्क नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई थी। इस हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली थी। लॉरेंस गैंग सलमान खान को भी कई सालों से जान से मारने की धमकी दे रहा है। ऐसे में बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सलमान की सुरक्षा बढ़ाई गई है।

# पुणे में पानी की टंकी गिरी, 5 मजदूरों की मौत



**पुणे ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के पुणे में गुरुवार सुबह मजदूरों के कैंप बनी टेम्परेरी पानी की टंकी गिर गई। इस हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई। 7 घायलों में से 2 ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना पिंपरी चिंचवाड़ टाउनशिप के भोसरी इलाके में हुई, जब कुछ मजदूर पानी की टंकी के नीचे नहा रहे थे। पुलिस का कहना है कि शायद पानी के दबाव के कारण पानी की टंकी की दीवार फट गई, जिससे टंकी गिर गई। इससे वहां मौजूद मजदूर मलबे में फंस गए। जमीन से 12 फीट ऊपर थी पानी की टंकी रिपोर्ट्स के मुताबिक पानी की टंकी नई बनाई गई थी। यह जमीन से 12 फीट ऊपर थी। सुबह मजदूर काम पर जाने से पहले नहाने के लिए टंकी के पास लगे नल पर आए। तभी अचानक टैंक फट गया और नहाने आए मजदूर उसके नीचे फंस गए। मजूदरों के इस कैंप में बिहार, ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों के करीब 1000 से 1200 मजदूर रह रहे हैं। कुछ मजदूर चार-पांच दिन पहले ही आए हैं। अडाणी ग्रुप के प्रोजेक्ट पर काम करते थे मजदूर अडाणी ग्रुप लांडेवाडी में काम कर रहा है। ये मजदूर उस जगह पर काम कर रहे थे. वे सुबह 8 बजे काम पर निकल जाते हैं। इसलिए वे नहाने के लिए पानी की टंकी के पास पहुंचे थे। इस जगह पर एक समय में 20 से 25 मजदूरों के लिए एक साथ नहाने का इंतजाम किया गया था। यहां 60 मोबाइल टॉयलेट भी लगाए गए। सुबह जब घटना हुई तो 20 से 25 मजदूर नहाने गए थे।

# भाजपा ने सीसामऊ से सुरेश अवस्थी को उतारा

**लखनऊ ( एजेंसी )।** भाजपा ने यूपी विधानसभा उपचुनाव के लिए सभी 9 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया। कानपुर की सीसामऊ सीट से सुरेश अवस्थी को टिकट दिया है। सुरेश अवस्थी भाजपा के प्रदेश मंत्री और कानपुर क्षेत्र में क्षेत्रीय महामंत्री रहे हैं। मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट रालोद को दी है। यहां मिथलेश पाल को टिकट दिया गया है। मैनपुरी की करहल से अनुजेश यादव को टिकट दिया है। अनुजेश सांसद धर्मेंद्र यादव के सगे बहनोई हैं। अखिलेश यादव के भी रिश्ते में बहनोई लगते हैं। अंबेडकरनगर के कटेहरी से धर्मराज निषाद, मुरादाबाद की कुंदरकी सीट से रामवीर सिंह ठाकुर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, अलीगढ़ के खैर से सुरेंद्र दिलेर, प्रयागराज की फूलपुर सीट से दीपक पटेल, मिर्जापुर के मझवां से सुचिस्मिता मौर्य को टिकट दिया है। कानपुर की सीसामऊ सीट से सपा ने इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी को उतारा है। भाजपा ने बुधवार सुबह 11 बजे 7 नामों का ऐलान किया। फिर शाम को सीसामऊ से सुरेश अवस्थी के नाम का ऐलान किया।

# शरद की पहली लिस्ट जारी, 45 नाम



**मुंबई ( एजेंसी )।** शरद पवार गुट की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार शाम अपनी पहली लिस्ट जारी की। इसमें 45 नाम हैं। पार्टी ने बारामती से युगेंद्र पवार को टिकट दिया है। वे चाचा अजित पवार के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। अनिल देखमुख को कटोल, जितेंद्र आव्हाड को मुंब्रा कलवा और जयंत पाटील को इस्लामपुर सीट से उम्मीदवार बनाया है। एनसीपी शरद, कांग्रेस-शिवसेना उद्धव के साथ महाविकास अघाड़ी गठबंधन का हिस्सा है। 23 अक्टूबर को तीनों पार्टियों ने 85-85-85 सीटों पर लड़ने की घोषणा की थी। 18 सीटें इंडिया ब्लॉक की अन्य पार्टियों जिनमें समाजवादी पार्टी, एसडब्ल्यूपी और सीपीआई (एम) समेत दूसरे दलों को देने की बात कही गई थी। 15 सीटों पर अभी भी पेंच फंसा हुआ है। शिवसेना की पहली लिस्ट में 65 नाम 23 अक्टूबर की शाम शिवसेना ने 65 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी। उद्धव के बेटे आदित्य ठाकरे को वरली से प्रत्याशी बनाया गया है। कोपरी पाचपखाडी से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सामने केदार दिघे को टिकट दिया गया। शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर के खिलाफ ठाकरे गुट ने सावंतवाडी से पूर्व विधायक राजन तेली को टिकट दिया गया है। कैबिनेट मंत्री अब्दुल सत्तार के खिलाफ सिल्लोड से सुरेश बनकर को चुनाव में उतारा गया है। शिवसेना की लिस्ट में 3 महिलाओं को टिकट दिया गया है। पांच सीटें एससी और 3 सीटें एसटी के लिए हैं। महाराष्ट्र महाविकास अघाड़ी में शिवसेना ने सबसे पहले लिस्ट जारी की है। अभी कांग्रेस और एनसीवी (एसपी) की लिस्ट आनी बाकी है।

# यूपी-राजस्थान, उत्तराखंड में अवैध संपत्ति गिराने का मामला

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तराखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अवैध संपत्तियों को गिराने के खिलाफ लगी याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया। मामले की सुनवाई जस्टिस बी आर गवई, जस्टिस पी के मिश्रा और जस्टिस के वी विश्वनाथन की बेंच ने की। बेंच ने कहा- हम उन याचिकाकर्ता की याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इन मामले से नहीं जुड़े हैं। इन याचिकाओं को सुनने लगे तो मामले काफी बढ़ जाएंगे। दरअसल, याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि हरिद्वार, जयपुर और कानपुर में अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को नहीं माना जिसमें कहा गया था कि कोर्ट की अनुमति के बिना संपत्ति नहीं गिराई जाएगी।

# कश्मीर में सेना के वाहन पर आतंकी हमला, पोर्टर की मौत और 4 घायल



जम्मू-कश्मीर (एजेंसी)। बारामूला जिले के गुलमर्ग के नागिन इलाके में एलओसी के पास गुरुवार शाम 18 राष्ट्रीय राइफल्स के वाहन पर आतंकियों ने हमला किया। आतंकियों की गोलीबारी में एक पोर्टर की मौत हुई। पोर्टर सेना की मदद के लिए होते हैं, वे पहाड़ी इलाके और फ्रंट पोस्ट पर सामान पहुंचाने में मदद करते हैं। हमले में सेना के 4 जवान भी घायल हैं। सुरक्षाबलों ने इलाके को घेरा और आतंकियों की तलाश शुरू की। जानकारी के मुताबिक, आतंकियों ने उत्तरी कश्मीर के बोटा पथरी सेक्टर में ख्न्ष्ट से घुसपैठ की होगी।

**सुबह पुलवामा में आतंकी हमला, मजदूर घायल:** इससे पहले आज सुबह ही दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के बटगुंड में आंतकवादियों ने एक और मजदूर पर गोलीबारी की थी, जिसमें वो घायल हुआ था। घायल शुभम कुमार यूपी

# डीएमके के भारत के नक्शे में अक्साई चिन-पोक गायब



**चेन्नई ( एजेंसी )।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके की एनआरआई विंग ने सोशल मीडिया पर भारत का नक्शा शेयर किया, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और अक्साई चिन शामिल नहीं है। विवाद बढ़ने के बाद डीएमके ने नक्शे को एक्स से हटा लिया है। भाजपा ने डीएमके पर देश की संप्रभुता के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया है। भाजपा की तमिलनाडु यूनिट ने एक्स पर लिखा- अलगाववाद को बढ़ावा देने से लेकर उत्तर-दक्षिण विभाजन से अशांति फैलाने और इसरो रॉकेट पर बेशर्मी से चीनी झंडा लगाने तक, हमने डीएमके की भारत विरोधी गतिविधियों के बारे में सब कुछ देख लिया है। उधर, डीएमके प्रवक्ता ने कहा कि ये नक्शा देश की त्नष्ठक्क में योगदान को दिखाता है, लेकिन भाजपा अपने खराब शासन को छिपाना चाहती है, इसलिए सिर्फ नक्शा देख रही। डीएमके ने यह भी आरोप लगाया कि यह नक्शा भारत सरकार ने ही बनाया है। डीएमके प्रवक्ता बोले- विवादित नक्शा हमने नहीं, भारत सरकार ने बनाया था डीएमके प्रवक्ता टीकेएस एलंगोवन ने विवादित नक्शे के लिए भारत सरकार को ही जिम्मेदार ठहरा दिया। एलंगोवन बोले- यह तस्वीर राज्यों के देश की जीडीपी में योगदान को दिखाती है। सभी भाजपा शासित राज्यों का हाल बहुत खराब है। तमिलनाडु का योगदान उनसे कहीं बेहतर है। वे परेशान हैं। वे इसे छिपाना चाहते हैं, इसलिए वे डेटा नहीं, बल्कि नक्शा देख रहे हैं। DMK ने वह नक्शा नहीं बनाया, हो सकता है कि उन्होंने किसी जगह से कॉपी किया हो जिसे भारत सरकार ने ही तैयार किया हो।

# मीर हमजा कराची में पुनर्वास के लिए पाकिस्तान की टेस्ट टीम से बाहर

**मुल्तान (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने तेज गेंदबाज मीर हमजा को कराची में पुनर्वास जारी रखने की अनुमति देने के लिए अपनी टेस्ट टीम से बाहर कर दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रावलपिंडी में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और निर्णायक टेस्ट के पहले दिन यह घोषणा की। हमजा अपने दाहिने ग्लूट में दर्द से जूझ रहे थे। तीसरे टेस्ट से पहले वे टीम के किसी भी सत्र में प्रशिक्षण का हिस्सा नहीं थे और मंगलवार को उन्हें पाकिस्तान टीम के फिजियोथेरेपिस्ट के साथ बैंड पुनर्वास अभ्यास करते देखा गया।

बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को पहले और अंतिम दो टेस्ट के लिए टीम में शामिल किया गया था, लेकिन श्रृंखला के दौरान किसी भी समय प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किया गया। पाकिस्तान के लिए उनका आखिरी प्रदर्शन रावलपिंडी में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में था। 32 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 42.08 की औसत से 12 विकेट लिए हैं। शुरुआत में पाकिस्तान ने तीन तेज गेंदबाजों- नसीम शाह, शाहीन अफरीदी और आमिर जमाल को खिलाया। हालांकि, बाद में उन्होंने तीन विशेषज्ञ स्पिनरों और एक तेज गेंदबाज जमाल को चुना, ताकि स्पिन के अनुकूल परिस्थितियों का सामना किया जा सके। अन्य तेज गेंदबाजों की तुलना में जमाल की बेहतर बल्लेबाजी क्षमता ने हमजा को लाइनअप से बाहर कर दिया।

लेकिन एक छोटी सी चोट के कारण उन्हें अंतिम टेस्ट से बाहर होना पड़ा।

# भारत को ऑस्ट्रेलिया में जीत के लिए बुमराह, सिराज और शमी जैसे तेज गेंदबाजों की जरूरत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के महान तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने कहा कि अगर भारत को इस साल ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतनी है, तो उन्हें जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और शीर्ष फॉर्म में चल रहे मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाजों की जरूरत है। बुमराह और सिराज लगातार भारत के लिए खेल रहे हैं, जबकि शमी ने पिछले साल घरेलू वनडे विश्व कप के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है, क्योंकि वह अकिलीज़ टेंडन की चोट से उबर रहे हैं, जिसके लिए इस साल लंदन में सर्जरी की जरूरत थी। शमी, जिन्होंने भारत के बेंगलुरू टेस्ट में न्यूजीलैंड से आठ विकेट से हारने के बाद एक सत्र में गेंदबाजी करते समय अपने बाएं घुटने पर पट्टी बांध ली थी, ऑस्ट्रेलिया में महत्वपूर्ण टेस्ट श्रृंखला खेलने से पहले अपनी फिटनेस और तैयारियों का आकलन करने के लिए पहले रणजी ट्रॉफी में खेलने की संभावना है। अगर भारत को यहां जीतना है तो मोहम्मद शमी को फिट होना होगा। हम सभी जानते हैं कि बुमराह कितने अच्छे गेंदबाज हैं। वह ऐसा खिलाड़ी है जो गेंद को दोनों तरफ से घुमा सकता है और मुझे लगता है कि वह बहुत अच्छी गेंदबाजी करेगा। वह पुरानी गेंद से बहुत अच्छा खेलता है। वह रिवर्स स्विंग का बेहतरीन उदाहरण है।



मोहम्मद सिराज नई गेंद को अच्छी तरह से घुमाता है और जब वह सीम को सीधा रखता है, तो वह उसे सही आकार देता है, और यहीं पर ऑस्ट्रेलिया मुश्किल में पड़ सकता है और गेंद को चकमा दे सकता है, खासकर पर्थ और एडिलेड जैसे विकेटों पर, जो तेज गेंदबाजी के लिए अनुकूल हो सकते हैं।

ली ने फॉक्स क्रिकेट के 'द फॉलो ऑन' पॉडकास्ट पर कहा, मेरे लिए, यह संयोजन है। इसमें तीन तेज गेंदबाज और स्पिनर (रविचंद्रन) अश्विन शामिल हैं। फिर उनके पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो भूमिका निभा सकते हैं। लेकिन अगर भारत जीतना चाहता है, तो आपके पास ये तीन तेज गेंदबाज होने चाहिए।

ली का यह भी मानना है कि अगर शमी ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट खेलने के लिए समय पर तैयार नहीं होते हैं, तो भारत युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव के साथ जा सकता है, जो आईपीएल 2024 से ब्रेकआउट स्टार्ट हैं, जिन्होंने इस महीने बांग्लादेश के खिलाफ अपना टी20 डेब्यू किया। यादव न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम के लिए दौरे पर जाने वाले रिजर्व खिलाड़ियों में से एक हैं।

भारत के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि उन्हें इस बात की चिंता नहीं है कि किसी ने कितना क्रिकेट खेला है, कितना नहीं खेला है। यह कुछ हद तक सैम कोंस्टास की तरह है - अगर वह खेलने के लिए तैयार है, तो उसे खेलने दें - और मुझे वास्तव में यह सिद्धांत पसंद है। एक बात का मैं आपसे वादा कर सकता हूं कि बल्लेबाज 135 किमी से 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी का सामना करने में सहज हैं।

# रोहित शर्मा के नाम हुआ एक शर्मनाक रिकॉर्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड दूसरे टेस्ट में रोहित शर्मा डक आउट हो गए। इसके साथ ही उन्होंने सचिन तेंदुलकर के एक शर्मनाक रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। भारत के लिए सबसे ज्यादा शून्य पर आउट होने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में रोहित शर्मा और सचिन तेंदुलकर संयुक्त रूप से छठे पायदान पर हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर 34 बार बिना खाता खोले पवेलियन लौटे थे, रोहित शर्मा का ये भी न्यूजीलैंड के खिलाफ 34वां डक था। वहीं भारत के लिए सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले खिलाड़ी की बात करें तो, इस लिस्ट में 43 डक के साथ जहीर खान टॉप पर हैं। वहीं उनके अलावा इशांत शर्मा दूसरे ऐसे भारतीय हैं जो 40 या उससे ज्यादा बार 0 पर आउट हुए हैं। इशांत शर्मा के नाम भारत के लिए 40 डक का रिकॉर्ड है। भारत के लिए सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले बल्लेबाजों की इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर और कोई नहीं बल्कि विराट कोहली हैं। जी हां, कोहली भारत के लिए खेले 38 मैचों में बिना खाता खोले आउट हुए हैं। हरभजन सिंह 37 डक के साथ चौथे नंबर पर कप्तान अनिल कुंबले 35 डक के साथ क्रमशः चौथे और पांचवें पायदान पर हैं। रोहित शर्मा को न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान कप्तान टिम साउदी ने पवेलियन की राह दिखाई साउदी ने इंटरनेशनल क्रिकेट में ये 14वीं बार हिटमैन को आउट किया है।

# जॉर्डन कॉक्स, रेहान अहमद कैरेबियाई दौरे के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल



**लंदन (एजेंसी)।** विकेटकीपर बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स और गेंदबाजी ऑलराउंडर रेहान अहमद को 31 अक्टूबर से एंटीगा में शुरू होने वाले कैरेबियाई दौरे के लिए इंग्लैंड की व्हाइट-बॉल टीम में शामिल किया गया है।

कॉक्स ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड की टी20 सीरीज में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, वह कैरेबियाई दौरे में शामिल होने से पहले रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ चल रहे तीसरे और अंतिम टेस्ट के पहले दिन के अंत के बाद यूके के लिए उड़ान भरेंगे।

उम्मीद है कि वह तीनों वनडे मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे, लेकिन उसके बाद के टी20 चरण के लिए नहीं, क्योंकि वह न्यूजीलैंड के अगले टेस्ट दौरे की तैयारी करेंगे।

रेहान, जो पाकिस्तान के खिलाफ चल रहे टेस्ट की प्लेइंग इलेवन में भी शामिल हैं, मैच के अंत में व्हाइट-बॉल टीम में शामिल होंगे।

नियमित कप्तान जोस बटलर की अनुपस्थिति में, जो पिंडली की चोट से उबरने में थोड़ी परेशानी के कारण मैच से बाहर हो गए हैं, ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज में इंग्लैंड की कप्तानी करेंगे।

# स्पिन पिच पर कगिसो रबाडा की पेस का आतंक



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** ढाका के शेर ए बांग्ला स्टेडियम में साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट मैच खेला गया. बारिश से प्रभावित रहे इस मैच को साउथ अफ्रीका ने चौथे दिन के पहले ही सत्र में हरा दिया. साउथ अफ्रीका ने 7 विकेट से जीत दर्ज कर 2 मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है. साउथ अफ्रीका की इस जीत में तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा का अहम योगदान रहा.

एशियाई देशों की पिच अधिकांशतः स्पिन गेंदबाजों के अनुकूल होती हैं. बांग्लादेश की पिच भी स्पिन फ्रेंडली ही होती है. लेकिन एक तेज गेंदहाज की क्षमता क्या होती है वो साउथ अफ्रीकी गेंदबाज कगिसो रबाडा ने दिखाया. रबाडा ने इस स्पिन पिच पर घातक गेंदबाजी करते हुए 9 विकेट झटके और टीम की जीत में बड़ी भूमिका निभाई. रबाडा ने पहली पारी में 3 जबकि दूसरी पारी में 6 विकेट लिए.

बांग्लादेश की गेंदबाजी के सामने एक समय साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजी भी लड़खड़ाई थी और पहली पारी में 108 रन पर 6 विकेट खोकर संकट में थी. लेकिन विकेटकीपर बल्लेबाज काइल वेरेन ने 144 गेंद पर 114 रन बनाकर न सिर्फ टीम को संभाला बल्कि एक बड़ी लीड दिलाई जो अंत में निर्णायक साबित हुए. इस शतकीय पारी के लिए वेरेन को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया.

बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला लिया था लेकिन पहली पारी में 106 पर सिमट गई. साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 308 रन बनाकर 202 रन की लीड ली थी. बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 307 रन बनाए. साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 106 रन का लक्ष्य मिला था. अफ्रीकी टीम ने 22 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 106 रन बनाकर मैच 7 विकेट से जीत लिया.

# हम भारत की स्पिन से नहीं डरते...

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने भारत को बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट मैच में 8 विकेट से हरा दिया था. न्यूजीलैंड को 36 साल बाद भारत में टेस्ट मैच में जीत मिली थी. इस जीत के बाद टीम के हौसले बुलंद हैं और टीम पुणे में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट में भी भारत को कड़ी टक्कर देने के लिए पूरी तरह तैयार है. टीम के एक खिलाड़ी ने दूसरे टेस्ट से पहले एक बड़ा बयान दिया है.

दूसरा टेस्ट 24 अक्टूबर से पुणे में शुरु हो रहा है. माना जा रहा है कि ये पिच स्पिन गेंदबाजों के लिए मददगार रहने वाली है. ऐसे में आर अश्विन, जडेजा, कुलदीप की उपस्थिति में भारत के पास इस मैच में जीत का अच्छा मौका होगा लेकिन न्यूजीलैंड के युवा बल्लेबाज रचिन रवींद्र ने बेहद साहसिक बयान दिया है. रवींद्र ने कहा कि हमें स्पिन की कोई चिंता नहीं है.

रचिन रवींद्र ने कहा है कि, हमने पुणे की पिच देखी है यह बेहद सूखी है और स्पिन के अनुकूल दिख रही है. हम पहले टेस्ट में जीत के बाद ऐसी पिच की उम्मीद कर रहे थे. इस पिच पिछले कुछ समय में बहुत ज्यादा टेस्ट नहीं खेला गया है इसलिए पिच के बारे में हमें ज्यादा जानकारी नहीं है. हम स्पिन के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे हैं

और इसे लेकर चिंतित नहीं है. हम मैच की परिस्थिति के अनुसार खुद को ढ़ालने की कोशिश करेंगे.

# वॉशिंगटन सुंदर ने 7 विकेट लेकर इस क्लब में की एंट्री, 7 साल बाद हुआ ऐसा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वॉशिंगटन संदुर ने गुरुवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए अपने आलोचकों का मुंह बंद कर दिया है। उन्होंने पुणे में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के दौरान सात विकेट हासिल किए। वह टेस्ट में पहली बार पांच या उससे ज्यादा विकेट लेने में सफल रहे। वॉशिंगटन सुंदर तीन साल से ज्यादा समय के बाद भारतीय टेस्ट टीम में जगह बनाने में कामयाब हुए और पहले ही मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया। सुंदर ने सात में से पांच विकेट ऑफ स्टंप की लाइन का शानदार इस्तेमाल किया। वहीं उन्होंने रचिन रविंद्र, टॉम ब्लंडेल, सेंटनर, टिम साउदी और अजाज पटेल को बोल्ड किया। वॉशिंगटन सुंदर ने न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। उन्होंने दूसरे और तीसरे सेशन में कीवी बल्लेबाजों को टिकने तक का मौका नहीं दिया। सुंदर ने टेस्ट करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 59 रन देकर सात विकेट लिए। इंडिया वर्सेस न्यूजीलैंड की सूची में सुंदर का नाम जुड़ गया है। भारतीय सरजमीं पर ये पहली बार है जब कि सी टेस्ट मैच में सभी 10 विकेट दाएं हाथ के ऑफ स्पिनरों ने झटके हो।



# अश्विन ने दो विकेट चटकाए, न्यूजीलैंड लंच तक 92/2

**पुणे (एजेंसी)।** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दो विकेट चटकाए, लेकिन सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे के नाबाद 47 रन की बदौलत न्यूजीलैंड ने गुरुवार को एमसीए स्टेडियम में दूसरे टेस्ट के पहले दिन लंच तक 31 ओवर में 92/2 का स्कोर बना लिया।

सुबह का सत्र एक समान और मनोरंजक रहा, क्योंकि अश्विन, रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने सामूहिक रूप से 24 ओवर स्पिन गेंदबाजी की, क्योंकि उन्होंने धीमी काली मिट्टी वाली पिच से अच्छी पकड़ बनाई।

सुबह, कॉनवे और कप्तान टॉम लैथम ने आपस में पांच चौके लगाए, इससे पहले कि बाद में अश्विन ने उन्हें आउट कर दिया, जिन्होंने लेग-स्टंप पर पिचिंग के बाद लेंथ बॉल को सीधा किया और बाएं हाथ के बल्लेबाज को 22 गेंदों पर 15 रन पर एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया।



कॉनवे और विल यंग ने कुछ आसान सिंगल लिए, जबकि बीच-बीच में बाउंड्री लगाते हुए दूसरे विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी की। अश्विन ने फिर यंग को लेग पर कैच कराया और शॉर्ट लेग पर खड़े सरफराज खान ने कप्तान रोहित शर्मा को रिव्यू लेने के लिए उकसाया।

रिप्ले ने सरफराज के फैसले को सही साबित किया क्योंकि गेंद के ग्लव्स से बाहर निकलने से पहले अल्ट्रा-एज पर स्पाइक का पता चला था, जिसे ऋषभ पंत ने कैच किया और यंग 18 रन बनाकर आउट हो गए।कॉनवे ने चट्टान की तरह मजबूती दिखाई, खासकर अपने स्वीप में और रचिन रवींद्र लंच तक कुछ करीबी कॉल से बचे , उम्मीद है कि भारत दूसरे सत्र में स्पिनरों के जरिए दोनों पर अधिक दबाव बनाएगा। तेज गेंदबाजों के हावी होने का मौका हो सकता है, खासकर अगर पिच पर गुड लेंथ क्षेत्र के सूखे होने के कारण रिवर्स स्विंग का मौका हो।

संक्षिप्त स्कोरः न्यूजीलैंड 31 ओवर में 92/2 (डेवोन कॉनवे 47 नाबाद; रविचंद्रन अश्विन 2-33)

# गुजरात टाइटंस ने किया कंफर्म, इन 2 खिलाड़ियों को करेगी रिटेन, सोशल मीडिया पर डाला पोस्ट

**नईदिल्ल (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की मेगा नीलामी से पहले गुजरात टाइंटस किन दो खिलाड़ियों को रिटेन करने जा रही है उसे लेकर टीम ने बड़ा संकेत दे दिया है. टीम ने अपने सोशल मीडिया हैंडस एक्स के माध्यम से दोनों खिलाड़ियों की तस्वीर पोस्ट करते हुए उनके रिटेंशन के संकेत दिए हैं.

आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले जीटी अपने दो सबसे बड़े खिलाड़ियों कप्तान शुभमन गिल और उपकप्तान राशिद खान को रिटेन कर सकती है. जीटी से अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर इन दोनों खिलाड़ियों के साथ वाली तस्वीर पोस्ट करते हुए इनके रिटेंशन के संकेत दिए हैं. इन दो खिलाड़ियों के अलावा तीसरे खिलाड़ी के रुप में जीटी किसे रिटेन करेगी इसका कोई संकेत नहीं मिल सका है.


शुभमन गिल और राशिद खान टीम के साथ पहले सीजन यानी आईपीएल 2022 से ही जुड़े रहे हैं और टीम की पिछली 3 साल की सफलताओं में इनका अहम योगदान रहा है. 2024 में हार्दिक के मुंबई इंडियंस में लौटने के बाद गिल को कप्तान बनाया गया था. राशिद 2022 से ही टीम की उपकप्तानी कर रहे हैं. गिल



2022 से लेकर 2024 तक टीम के लिए 45 मैच खेल चुके हैं जिसमें 4 शतक और 10 अर्धशतक लगाते हुए 1799 रन बना चुके हैं. वहीं आईपीएल करियर में 103 मैचों में 4 शतक और 20 अर्धशचक लगाते हुए वे 3216 रन बना चुके हैं. राशिद खान की बात करें तो 2022 से 2024 के बीच जीटी के लिए वे 45 मैचों में 56 विकेट ले चुके हैं. इसके अलावा वे 322 रन भी बना चुके हैं. 2017 से आईपीएल खेल रहे राशिद कुल 121 मैचों में 149 विकेट ले चुके हैं.

# रास्ता रोककर युवक से मांगे रुपए, 3 गिरफ्तार

## धमकी देकर कहा था- बाबा सिद्दीकी के बाद अब सतना सांसद की है बारी





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मुंबई में हुए हाई प्रोफाइल बाबा सिद्दीकी मर्डर केस को लेकर देश भर में चल रही चर्चाओं के बीच दहशत बनाने के लिए इस मामले का सहारा लेकर धमकी देना तीन बदमाश युवकों को महंगा पड़ गया है। पुलिस ने गुरुवार को उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक, सतना की सिटी कोतवाली पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में दीपक द्विवेदी पिता राजकुमार द्विवेदी (23) निवासी रीवा, विक्रम सिंह पिता छोटेलाल सिंह (26) निवासी उचेहरा और रवि दिवेदी पिता राधा चरण द्विवेदी उम्र (19) निवासी उचेहरा शामिल हैं। बदमाशों ने एक युवक को धमकाने के लिए कहा था हमने ही बाबा शिद्दकी हत्याकांड को अंजाम दिया है। अब सतना सांसद की बारी है।

**आधी रात को फोन करके भी धमकाया:** टीआई कोतवाली रावेंद्र द्विवेदी ने बताया कि बुधवार रात ढाबे में शराबखोरी के दौरान आरोपियों ने प्रमोद सिंह उर्फ गुड्डा निवासी मुख्त्यारगंज सतना से रुपए मांगे और उसे डराया-धमकाया। आरोपियों ने गुड्डा के सामने शेखी दिखाते हुए कहा कि वह उन्हें नहीं जानता है। अभी मुंबई में हुए बाबा सिद्दीकी मर्डर केस को उन्होंने ही अंजाम दिया है और अब सतना सांसद की बारी है। गुड्डा ने उनकी यह बातें सुनी तो उसके होश फाख्ता हो गए, लिहाजा वह वहां से निकलने की जुगत भिड़ाने लगा। इस बीच आरोपियों ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया।

गुड्डा वहां से किसी तरह निकल आया तो आरोपियों में से एक विक्रम ने उसे आधी रात को फोन किया और दोबारा धमकाते हुए कहा, वह उन्हें हल्के में न ले। गुड्डा ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने गुरुवार सुबह शिकायत दर्ज की और आरोपियों की तलाश कर तीनों को दबोच लिया। टीआई ने बताया कि आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## शासकीय प्राथमिक शाला बजरहा टोला में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** नगर पालिक निगम सतना के तत्वावधान में बजरहा टोला बस्ती में बेहतर स्वच्छता एवं नशा मुक्त भारत अभियान का माहौल बनाने के दृष्टिगत इंजी.धर्मेंद्र सिंह द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया! कार्यक्रम में मोहल्ले के अनेक नर-नारी, गणमान्य नागरिक बच्चे तथा स्कूल परिवार के अनुराग सोनी (प्रधानाध्यापक),सुधा श्रीवास्तव, प्रशांत वंशकार,रिया वंशकार, मनीष चौधरी, शिवम चौधरी, प्राची वंशकार, पुष्पेंद्र चौधरी,नैंसी चौधरी,प्रिया वंशकार, वरुण वंशकार, आदित्य वंशकार, आकाश चौधरी,अनिकेत प्रजापति, आदर्श प्रजापति आदि अनेक लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में स्वच्छता संबंधी विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई साथ ही सभी को होम कंपोस्टिंग की विधि बताई गई! इसके साथ नशा मुक्त भारत अभियान का प्रयास एवं नशे के दुर्व्यसन से दूरी बनाने का अनुरोध किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता शपथ नशा मुक्त,भ्रष्टाचार मुक्त एवं अपराध मुक्त समाज के प्रयास की शपथ हुई! कार्यक्रम के अंत में स्कूल परिवार ने इंजी.धर्मेंद्र सिंह को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## चित्रकूट के दीपावली अमावस्या मेले में शांति एवं कानून व्यवस्था स्थापित करने कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** जिले के प्रसिद्ध धर्मस्थल चित्रकूट में 29 अक्टूबर से 2 नवंबर 2024 तक आयोजित दीपावली अमावास्या मेले में अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने शांति, कानून एवं प्रशासनिक व्यवस्था बनाये रखने संपूर्ण मेला क्षेत्र को 11 जोन में विभक्त करते हुये कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है। प्रत्येक कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को मेला ड्यूटी के दौरान सहयोग प्रदान करने पटवारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है।

जारी आदेशानुसार 'प्रथम जोन (प्रथम मुखार बिंद)' में प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक एसडीएम सुधीर बेक और जिला संयोजक कमलेश्वर सिंह, सायं 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक सीएमओ लखन ताम्रकार और सहायक यंत्री रामपुर बघेलान राजेश पाण्डेय, रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक सहायक संचालक श्यामकिशोर द्विवेदी और सहायक कोषालय अधिकारी अरूण कुमार राकेश की डयूटी लगाई गई है। 'द्वितीय जोन (द्वितीय मुखार बिंद)' में प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी और उपसंचालक प्रमोद शर्मा, सायं 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक नायब तहसीलदार बरौंधा सुदामा प्रसाद कोरी और आरआई बिरसिंहपुर अजय सिंह बघेल, रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक परियोजना अधिकारी सोहावल अभय द्विवेदी और सहायक कोषालय सतीश कुमार त्रिपाठी की डयूटी लगाई गई है। इसी प्रकार 'तृतीय जोन (मेला कंट्रोल रुम)' में प्रातः 8 बजे से सांय 4 बजे तक तहसीलदार मझगवां सौरभ द्विवेदी, सीएमओ कोठी सुश्री पूजा द्विवेदी और आरआई रामपुर बघेलान अरूण कुमार वर्मा, सायं 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक तहसीलदार मझगवां सौरभ द्विवेदी और आरआई रैगांव अरूण सिंह, रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक आरआई बरौंधा अंबिका चरण त्रिपाठी और आरआई मझगवां रामकुमार वर्मा की डयूटी लगी है। 'चतुर्थ जोन (भरत घाट)' में प्रातः 8 बजे से सांय 4 बजे तक तहसीलदार राजेश सिंह और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बृजेश पाण्डेय, सायं 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विवेक सिंह और आरआई नागौद दीनबंधु प्रजापति एवं रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक परियोजना अधिकारी अरूणेश तिवारी और श्रम निरीक्षक मनोज यादव की डयूटी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रुप मे लगाई गई है। इसी प्रकार 'पंचम जोन (हनुमान धारा)' में प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक नायब तहसीलदार कमलेश सिंह भदौरिया और आरआई धनीराम प्रजापति, सायं 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक श्रम निरीक्षक पुष्पेन्द्र धुर्वे एवं रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक आरआई अभिषेक धुर्वे को नियुक्त किया गया है। 'षष्टम जोन (गुप्त गोदावरी)' में प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक प्रभारी तहसीलदार रामसिंह कुशराम और सीएमओ श्रीमती निधि राजपूत, सायं 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक परियोजना अधिकारी इंद्रभूषण तिवारी और प्रभारी आरआई अंबिकाचरण त्रिपाठी, रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक आरआई योगेश तिवारी की डयूटी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रुप मे लगाई गई है। 'सातवां जोन (सती अनुसुइया)' में प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक सीएमओ प्रतिपाल सिंह बागरी और आरआई अनिल कुमार त्रिपाठी, सायं 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक आरआई विभूमितनारायण चतुर्वेदी, रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक लोक निर्माण विभाग अधिकारी बृजेश सिंह को नियुक्त किया गया है।

# मूक नाबालिग के साथ यौन शोषण का मामला

## सतना विशेष अदालत ने सुनाया फैसला, आरोपी पर आजीवन कारावास के साथ 15 हजार का जुर्माना



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** नाबालिग मूक बच्चे के यौन शोषण के ढाई साल पुराने मामले में सतना में पॉक्सो एक्ट की विशेष अदालत ने अपराधी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 15 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया गया है। बुधवार को विशेष अदालत में इस केस पर न्यायाधीश ने फैसला सुनाया। फैसले में कोर्ट ने थाना सिटी कोतवाली के राजेन्द्र नगर गली निवासी आरोपी गुड्डू उर्फ चिरोंजी लाल अहिरवार (34) पर पॉक्सो सहित विभिन्न धाराओं में दोषी करार दिया। साथ ही उसे आजीवन कारावास के साथ ही 15 हजार रुपए के जुर्माना लगाया गया। इस दौरान राज्य शासन की ओर से पैरवी विशेष अभियोजन अधिकारी हरिकृष्ण त्रिपाठी ने की। वहीं मामले की विवेचना सब इंस्पेक्टर भीमसेन उपाध्याय ने की।

**आरोपी घर पे करता था काम:** अभियोजन प्रवक्ता संदीप कुमार के मुताबिक पीड़ित बच्चा मूक है। घटना मार्च 2022 की है। पीड़ित बच्चे की मां उसे घर पर नौकर गुड्डू के साथ छोड़ कर काम पर गई थी। जिसके बाद गुड्डू ने बच्चे का यौन शोषण किया। घटना के बाद बच्चे को दर्द होने लगा। अगले दिन बच्चे के इशारे से मां को घटना के बारे में बताया। जिसके बाद बच्चे की मां ने आरोपी नौकर के खिलाफ सिटी कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बच्चे का मेडिकल परीक्षण करवाया। जिसमें यौन शोषण की बात सामने आई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी नौकर को गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया था।

## लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु पेंशन शिविर का आयोजन 25 से 30 तक

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** संचालक पेंशन भविष्य निधि एवं बीमा मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा दिये गए निर्देशों के अनुक्रम में लंबित पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण किये जाने हेतु पेंशन प्रकरण निराकरण शिविर का आयोजन पेंशन कार्यालय सतना में 25 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2024 तक किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि समस्त सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण पेंशन कार्यालय में ऑनलाईन/ऑफलाईन प्रस्तुत कर निराकरण कराये। पेंशन शिविर के पश्चात संबंधित विभाग के कार्यालय स्तर पर प्रकरण लंबित पाये जाने पर विभाग प्रमुख व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

## संजय गांधी अस्पताल में वर्षों पुराना सूखा पेड़ गिरा, कई वाहन क्षतिग्रस्त

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** संजय गांधी अस्पताल के ओपीडी में गुरुवार को उस वक्त बड़ा हादसा टल गया जब वर्षों पुराना सूखा पेड़ गिर गया। इस दौरान करीब आधा दर्जन टू व्हीलर वाहन पेड़ की चपेट में आ गए और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। जिस जगह पर ये पेड़ लगा हुआ था वहां अस्पताल का पानी भर जाता था जिसके चलते पेड़ नीचे से सड़ गया था और अचानक आज धराशाई हो गया। गनीमत रही कि जिस वक्त ये पेड़ गिरा वहां आसपास कोई नहीं था।

## नेशनल योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में भाग ले रहे सतना के आठ खिलाड़ी



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** 49वी सब जूनियर एवं जूनियर नेशनल योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप जो की 24 से 27 अक्टूबर 2024 को उना हिमाचल प्रदेश में आयोजित की जा रही है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मध्य प्रदेश योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के माध्यम से स्वामी विवेकानंद आवासीय योग शोध संस्थान के आठ बच्चे भाग लेने जा रहे हैं । जिसमें अदिति राजपूत , वैष्णवी सिंह , अनन्या विश्वकर्मा, प्रतिष्ठा विश्वकर्मा, स्वरांजलि कुशवाहा, वैभव सोलंकी, ओम प्रताप सिंह, अंशुमन गुप्ता विशेष रूप से भाग ले रहे हैं। आप सभी को विश्व जल योगी लक्ष्मी यादव , जयपुरिया स्कूल के संचालक पुष्पराज सिंह जी,योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज प्रताप सिंह स्वामी, विवेकानंद पब्लिक स्कूल की संचालिका शशि सिंह, विजयपाल सिंह, प्राचार्य संजीव श्रीवास्तव, एवं सभी योग प्रेमियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित की है।

## चित्रकूट के घाट पर श्री रामलीला उत्सव का आयोजन

# चौथे दिन राम-केवट प्रसंग और भरत-कैकेयी संवाद, सीताहरण का मंचन



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** चित्रकूट के राघव प्रयाग घाट में मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग की ओर से सात दिवसीय श्री रामलीला उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उत्सव के चौथे दिन बुधवार को राम वनवास, केवट प्रसंग, दशरथ देवलोक गमन, भरत-कैकेयी संवाद की लीला का मंचन किया गया। आज सीता हरण की लीला का मंचन किया जाएगा।

श्री रामलीला उत्सव के चौथे दिन की शुरुआत श्री राम के सीता और लक्ष्मण के साथ वनवास जाने की लीला से हुई। इसके बाद केवट-संवाद का मंचन किया गया। फिर राजा दशरथ के देवलोक गमन के साथ ही भरत के अयोध्या वापस लौटने और कैकेयी से हुए संवाद का मंचन हुआ। कार्यक्रम के दौरान तुलसी मानस भारती, मानस भोपाल के प्रधान संपादक डॉ. प्रभु दयाल मिश्र ने परशुराम- श्री राम संवाद का किस्सा सुनाया। साथ ही भगवान परशुराम के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

**26 अक्टूबर को श्री राम राज्याभिषेक:** श्री रामलीला उत्सव में आज गुरुवार को भरत विलाप, सीता हरण, जटायु मरण, शबरी प्रसंग का मंचन होगा वहीं, 25 अक्टूबर को श्री राम-हनुमान मिलन, श्री राम सुग्रीव मैत्री, बाली वध, हनुमान-रावण संवाद, लंका दहन का मंचन होगा।

उत्सव के समापन दिवस 26 अक्टूबर को सेतुबंध, रामेश्वरम स्थापना, रावण-अंगद संवाद, कुंभकरण, मेघनाथ और रावण मरण, श्री राम राज्याभिषेक प्रसंग का मंचन किया जाएगा।

## कलेक्टर ने भ्रमण कर देखी तैयारी



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 27 अक्टूबर को सतना जिले के प्रस्तावित भ्रमण के दृष्टिगत सरदार वल्लभ भाई पटेल ट्रस्ट के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कलेक्टर अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने गुरूवार को अधिकारियो के साथ किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को सुरक्षा और व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर सांसद गणेश सिंह भी उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने किया अखिल भारतीय खेलकूद समारोह का शुभारंभ




**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** विद्या भारतीय अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा सरस्वती विद्या पीठ आवासीय विद्यालय उतैली में 35वें अखिल भारतीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह का आयोजन किया जा रहा है। 23 से 27 अक्टूबर तक चलने वाले इस समारोह का भव्य शुभारंभ गुरूवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने किया। इस मौके पर सतना सांसद गणेश सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार सहित गणमान्य जन व खिलाड़ी उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में देश भर के 810 एथलेटिक्स भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में चक्का फेंक, ऊंची कूद, लम्बी कूद, भाला फेंक और दौड आदि खेल शामिल किये गये हैं।

## मैहर कलेक्ट्रेट में खुला निवेश प्रोत्साहन केंद्र




**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा रीजनल इंडस्ट्रीज कॉनक्लेव रीवा में 23 अक्टूबर के अवसर पर प्रत्येक जिले में निवेश प्रोत्साहन केन्द्रों का ऑनलाइन वर्चुअल लोकार्पण किया जाकर केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर कार्यालय मैहर में निवेश प्रोत्साहन केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस केंद्र के प्रारंभ होने से जिले के उद्योगपतियों एवं निवेश कर्ताओं को निवेश संबंधी समस्त जानकारियों एवं औपचारिकताएं पूर्ण करने हेतु आवश्यक सुविधाएं एवं सहायता उपलब्ध कराई जावेगी। जिसके लिए अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है। निवेश प्रोत्साहन केंद्र से संपर्क करने हेतु दूरभाष नंबर 07674-299250 होगा। इस नंबर पर संपर्क कर आवश्यक जानकारी एवं औपचारिकताएं पूर्ण करने हेतु सहायता प्राप्त की जा सकेगी।

## जिला स्तरीय डायग्नोस्टिक दल गठित

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** जिले में रबी फसलों में कीट व्याधि नियंत्रण तथा कृषकों को सामयिक तकनीकी जानकारी देने एवं क्षेत्र के भ्रमण के लिए जिला स्तरीय डायग्नोस्टिक दल का गठन किया गया है। जिसमें कृषि अधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिक शामिल किये गये है। कलेक्टर अनुराग वर्मा द्वारा जारी आदेशानुसार परियोजना संचालक आत्मा राजेश कुमार त्रिपाठी एवं सहायक संचालक कृषि आरएस बागरी को सम्पूर्ण जिले के लिए दल प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार कार्यक्रम समन्वय कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां द्वारा नामांकित कृषि वैज्ञानिक को सम्पूर्ण जिला तथा अनुविभागीय कृषि अधिकारी को संबंधित अनुविभाग, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को संबंधित विकासखण्ड एवं कृषि विस्तार अधिकारी को संबंधित केन्द्र के लिए सदस्य बनाया गया है। कलेक्टर ने डायग्नोस्टिक दल के सदस्यों को नियमित रूप से आवश्यकतानुसार क्षेत्र का भ्रमण करने, कीट व्याधि नियंत्रण के लिए कृषकों को सामयिक तकनीकी सलाह उपलब्ध कराने तथा आवश्यकतानुसार कीट व्याधि के क्षति स्तर पर प्रतिवेदन उप संचालक कृषि कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है।

## समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एवं जिला एवं सत्र न्यायालय प्रशांत कुमार निगम के मार्गदर्शन में विशेष न्यायाधीश एवं नेशनल लोक अदालत के समन्वयक न्यायिक अधिकारियों के साथ ए.डी.आर. भवन में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में विशेष न्यायाधीश प्रशांत कुमार निगम ने समस्त न्यायिक अधिकारियों से अपील की गई है कि 14 दिसम्बर 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत मे अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करने का प्रयास करें, साथ ही विशेष न्यायाधीश द्वारा समस्त मजिस्ट्रेट गण को निर्देशित किया कि धारा 138 के अधिक से अधिक प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर राजीनामा करने के प्रयास करें। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव पावस श्रीवास्तव, समस्त जिला न्यायाधीश अनीता खजुरिया, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला मुख्यालय सतना उपस्थित रहे।

## 9वें आयुर्वेद दिवस का आयोजन 29 को

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. नरेन्द्र कुमार पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं संचालनालय आयुष मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत जिले में संचालित समस्त आयुष संस्थाओं में नवम् आयुर्वेद दिवस धन्वंतरी जयंती का आयोजन 29 अक्टूबर को किया जा रहा है। वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार की थीम पर कार्यक्रमों की एक श्रृंखला का आयोजन किया जायेगा। जिला आयुष अधिकारी ने आयुर्वेद नवाचार के कार्यक्रमों के संबंध में नागरिकों को जागरूक करने एवं उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।